**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
# विजडम इंडिया
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति
EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 15 अंकः 228 लखनऊ, शनिवार 11 अप्रैल 2026 मूल्यः 02 रुपये पृष्ठ- 08

## 20 साल और विपक्ष में बैठ जाएंगे मगर बाबरी मस्जिद बनाने की बात करने वालों से समझौता नहीं करेंगे: अमित शाह

एजेंसी।

दिल्ली। हम आपको बता दें कि संकल्प पत्र में भाजपा ने कई बड़े वादे किए हैं जो सीधे जनता की रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करते हैं। सरकारी कर्मचारियों के लिए सातवां वेतन आयोग लागू करने का वादा किया गया है और महंगाई भत्ता सुनिश्चित करने की बात कही गई है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपना संकल्प पत्र जारी कर चुनावी मैदान में एक बड़ा दांव चल दिया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कोलकाता में इस संकल्प पत्र को जारी करते हुए साफ संकेत दे दिया कि इस बार मुकाबला सिर्फ सत्ता का नहीं बल्कि विचार और विश्वास का भी है। उन्होंने दावा किया कि राज्य की जनता डर, निराशा और अव्यवस्था से त्रस्त है और अब बदलाव चाहती है।हम आपको बता दें कि संकल्प पत्र में भाजपा ने कई बड़े वादे किए हैं जो सीधे जनता की रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करते हैं। सरकारी कर्मचारियों के लिए सातवां वेतन आयोग लागू करने का वादा किया गया है और महंगाई भत्ता सुनिश्चित करने की बात कही गई है। महिलाओं को हर महीने तीन हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का वादा भी किया गया है। इसके साथ ही बेरोजगार युवाओं के लिए भी तीन हजार रुपये की सहायता और एक करोड़ रोजगार देने का वादा किया गया है।सबसे ज्यादा चर्चा समान नागरिक संहिता को लेकर हो रही है। अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि सत्ता में आते ही छह महीने के भीतर इसे लागू किया जाएगा। इसके साथ ही अवैध घुसपैठ पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने की बात कही गई है। भाजपा ने सीमा पर गौ तस्करी रोकने, आयुष्मान योजना को पूरी तरह लागू करने और महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने जैसे वादे भी किए हैं।संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ममता बनर्जी सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि पिछले वर्षों में राज्य में भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब हुई है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सत्ता में आने पर कथित घोटालों और कानून व्यवस्था पर श्वेत पत्र जारी किया जाएगा और जांच तेज गति से होगी। हुमायूं कबीर प्रकरण पर अमित शाह ने यह तक कह दिया कि भाजपा किसी भी कीमत पर उन लोगों के साथ गठबंधन नहीं करेगी जो बंगाल में बाबरी मस्जिद जैसी सोच को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने साफ



शब्दों में कहा कि भाजपा भले 20 साल और विपक्ष में बैठना पसंद करेगी लेकिन सिद्धांतों से समझौता नहीं करेगी।हुमायूं कबीर की सफाईइसी बीच हुमायूं कबीर विवाद ने राजनीतिक तापमान और बढ़ा दिया है। तृणमूल कांग्रेस द्वारा जारी एक कथित वीडियो में कबीर पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं जिसमें उनके भाजपा से संपर्क और अल्पसंख्यक वोटों को प्रभावित करने की रणनीति की बात कही गई है। वीडियो में कथित तौर पर धन के लेनदेन और बड़े स्तर की योजना का भी जिक्र है। तृणमूल ने इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय से जांच की मांग कर दी है। हालांकि हुमायूं कबीर ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे साजिश करार दिया है और मानहानि का मुकदमा करने की बात कही है। इस पूरे घटनाक्रम के बीच असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने भी कबीर की पार्टी से दूरी बना ली है, जिससे राजनीतिक समीकरण तेजी से बदलते नजर आ रहे हैं। ममता बनर्जी का पलटवारउधर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सांप पर भरोसा किया जा सकता है लेकिन भाजपा पर नहीं। उनके इस बयान ने चुनावी माहौल को और ज्यादा आक्रामक बना दिया है। ममता बनर्जी लगातार भाजपा पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगा रही हैं, जबकि भाजपा राज्य में परिवर्तन और विकास का नारा बुलंद कर रही है।देखा जाये तो इस पूरे घटनाक्रम ने साफ कर दिया है कि पश्चिम बंगाल का चुनाव इस बार बेहद दिलचस्प और कांटे का होने वाला है। एक तरफ भाजपा अपने वादों और आक्रामक रणनीति के साथ मैदान में है, तो दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस अपने गढ़ को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। हुमायूं कबीर विवाद, ओवैसी की उनकी पार्टी से दूरी और ममता बनर्जी के तीखे बयान इस चुनाव को और ज्यादा जटिल बना रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार चुनाव सिर्फ वादों का नहीं बल्कि विश्वसनीयता का भी है।

## मुख्यमंती योगी आदित्यनाथ का बड़ा फैसला, बंगलादेश से आए विस्थापित 331 हिंदू परिवारों को दशकों बाद मिलेगा जमीन का मालिकाना हक

संवाददाता।

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल बांग्लादेश से विस्थापित 331 हिंदू परिवारों और थारू जनजाति के हजारों परिवारों को भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र सौंपेंगे, जो दशकों से अपने अधिकारों से वंचित थे। इसके साथ ही वे लखीमपुर खीरी में सैकड़ों करोड़ की विकास परियोजनाओं का भी शुभारंभ करेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल बांग्लादेश से विस्थापित हुए 331 हिंदू परिवारों को भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र सौंपेंगे। आजादी के बाद से बांग्लादेश से आए हिंदू परिवारों को अब तक भूमि स्वामित्व का अधिकार नहीं मिला था। मुख्यमंत्री लखीमपुर खेरी, धौराहरा और मोहम्मदी में 417 करोड़ रुपये की 213 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। चंदन चौकी (पालिया) में मुख्यमंत्री थारू जनजाति के 4,556 परिवारों को भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। वे पालिया, श्रीनगर, निघासन और गोला में 817 करोड़ रुपये की 314 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इससे पहले योगी आदित्यनाथ ने स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त उपभोक्ताओं की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए इसकी गहन जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि आम उपभोक्ता स्वाभाविक रूप से ईमानदार होता है और यदि उसे समय पर सही बिल प्राप्त हो, तो वह भुगतान करने में बिल्कुल नहीं हिचकता है। मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में ऊर्जा विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने 'ओवरबिलिंग' की समस्या की



वास्तविक स्थिति का पता लगाने हेतु विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि उपभोक्ता की कोई गलती नहीं है, तो उसका बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाना चाहिए। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में किए गए सुधारों का वास्तविक लाभ अन्तिम उपभोक्ता तक पहुंचे, इसके लिए विश्वसनीय आपूर्ति, तकनीकी दक्षता और जवाबदेही को आधार बनाकर कार्य किया जाए।

## बीएसएनएल स्वदेशी तकनीक से बनेगी देश की अग्रणी दूरसंचार कंपनी- केशव प्रसाद मौर्य

संवाददाता।

लखनऊ उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि देश के हर नागरिक तक संचार सुविधाएं सुलभ हों। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा 'मेक इन इंडिया' के तहत स्वदेशी तकनीक आधारित 4जी सेवाओं का शुभारंभ 27 सितम्बर 2023 को उड़ीसा से किया गया था, जो देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। आज भारत स्वदेशी तकनीक आधारित संचार क्रांति की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है और भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के प्रति लोगों का विश्वास और रुझान लगातार बढ़ रहा है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को लखनऊ स्थित भूतनाथ टेलीफोन एक्सचेंज के सभागार में आयोजित बीएसएनएल अधिकारी संघ की सेंट्रल एक्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक में "बीएसएनएलदृ स्वदेशी तकनीकरू अवसर और चुनौतियाँ" विषयक कार्यक्रम को मुख्य अतिथि




के रूप में संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।उन्होंने कहा कि बीएसएनएल के साथ उनकी पुरानी यादें जुड़ी हैं और सांसद रहते हुए वे दूरसंचार की एक समिति से भी जुड़े रहे हैं। उन्होंने बीएसएनएल की निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के गठन के बाद देश को आत्मनिर्भर बनाने हेतु अनेक क्रांतिकारी कदम उठाए गए।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बीएसएनएल के पास मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर है और वह किसी भी दृष्टि से पीछे नहीं है। आवश्यकता है कि समर्पण और बेहतर रणनीति के साथ कार्य कर इसे देश की अग्रणी दूरसंचार कंपनी बनाया जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में बीएसएनएल देश में शीर्ष स्थान प्राप्त करेगा।उन्होंने कहा कि भारत परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में लंबी छलांग लगा रहा है और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति में बीएसएनएल की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। देश में आज भी बड़ी संख्या में उपभोक्ता बीएसएनएल की सेवाओं पर विश्वास करते हैं।केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हमें हर कार्य राष्ट्रहित में करना चाहिए और दूरसंचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने होंगे। स्वदेशी तकनीक को अपनाकर भारत वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि सस्ती, गुणवत्तापूर्ण और सर्वसुलभ सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि भारत संचार निगम लिमिटेड देश की प्रमुख सरकारी दूरसंचार कंपनी है, जो स्वदेशी तकनीक के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है। इससे न केवल विदेशी निर्भरता कम होगी, बल्कि देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, स्थानीय उद्योगों और स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलेगा तथा डेटा और साइबर सुरक्षा भी सुदृढ़ होगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि स्वदेशी तकनीक को वैश्विक मानकों पर खरा उतारना, अनुसंधान एवं विकास में निरंतर निवेश करना तथा नवाचार को बढ़ावा देना आवश्यक है।

## नीतीश कुमार ने राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली

एजेंसी।

दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार ने राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली, जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए उनके अनुभव को संसद के लिए महत्वपूर्ण बताया है। इस राजनीतिक विकास के साथ ही बिहार में नीतीश कुमार का लंबा मुख्यमंत्री कार्यकाल समाप्त हो गया है, जिससे राज्य में नए नेतृत्व के चयन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा सांसद बनने पर हार्दिक बधाई दी है। पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा कि नीतीश कुमार देश के सबसे अनुभवी नेताओं में से एक हैं और सुशासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की हर ओर सराहना होती रही है। पीएम ने लिखा कि नीतीश कुमार ने बिहार के विकास में अमिट योगदान दिया



है, और उन्हें एक बार फिर संसद में देखना बेहद सुखद होगा। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि सांसद और केंद्रीय मंत्री के रूप में भी नीतीश कुमार ने कई वर्षों तक देश की सेवा की है।प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि नीतीश कुमार जी देश के सबसे अनुभवी नेताओं में से एक हैं। सुशासन को लेकर उनकी प्रतिबद्धता की हर तरफ सराहना हुई है। उन्होंने बिहार के विकास में अमिट योगदान दिया है। उन्हें एक बार फिर संसद में देखना बहुत सुखद होगा। सांसद और केंद्रीय मंत्री के रूप में भी उन्होंने कई वर्षों तक अपनी सेवाएं दी हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव से संसद की गरिमा और बढ़ेगी। राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने पर उन्हें हार्दिक बधाई और आगे के कार्यकाल के लिए ढेरों शुभकामनाएं।आपको बता दें कि बिहार के लंबे समय से मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली, जिससे राज्य में एक बड़े नेतृत्व परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने राज्यसभा अध्यक्ष सीपी राधाकृष्णन के कक्ष में उच्च सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। नीतीश कुमार के राज्यसभा में पदभार ग्रहण करने के साथ ही बिहार में उनका लंबा कार्यकाल समाप्त हो गया। सत्तारूढ़ एनडीए अब 14 अप्रैल को राज्य के नए मुख्यमंत्री का चुनाव कर सकता है। नीतीश कुमार ने राज्य विधान परिषद के सदस्य पद से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद 30 मार्च को पद छोड़ दिया था। जेडीयू प्रमुख 16 मार्च को उच्च सदन के लिए चुने गए थे और उन्हें चुनाव के बाद निर्धारित 14 दिनों के भीतर एमएलसी पद से इस्तीफा देना आवश्यक था।

## कांग्रेस की रणनीति, महिला आरक्षण पर विपक्ष को एकजुट करेंगे खरगे

एजेंसी।

दिल्ली। बैठक में उपस्थित अन्य लोगों में जीतेंद्र सिंह, चरणजीत सिंह चन्नी, सलमान खुर्शीद, दीपादास मुंसी, आनंद शर्मा, सारिक अनवर, सचिन पायलट, अंबिका सोनी, नासिर हुसैन और भूपेश बघेल शामिल थे। सीडब्ल्यूसी की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पार्टी महिला आरक्षण के मुद्दे पर विपक्षी पार्टियों के साथ मिलकर आगे बढ़ेगी। खड़गे ने कहा कि प्रस्तावित संशोधनों का हमारी चुनावी व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता हैय इसलिए एक सामूहिक रणनीति बनाने की जरूरत है।ष उन्होंने कहा कि जब 2023 में बिल पास हुआ था, तब कांग्रेस ने महिला आरक्षण को तुरंत लागू करने की मांग की थी, लेकिन सरकार इसे परिसीमन और जनगणना के बाद लागू करना चाहती थी। सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद खड़गे ने कहा, ष्महिलाओं और हाशिए पर पड़े वर्गों के कल्याण जैसे मुद्दों पर हमें किसी



से भी मंजूरी लेने की जरूरत नहीं है। महिला आरक्षण विधेयक से जुड़े घटनाक्रम पर चर्चा के लिए कांग्रेस सीडब्ल्यूसी ने शुक्रवार को बैठक की. बैठक में कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, रेवंत रेड्डी, सुखविंदर सिंह सुखो जैसे कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक में उपस्थित अन्य लोगों में जीतेंद्र सिंह, चरणजीत सिंह चन्नी, सलमान खुर्शीद, दीपादास मुंसी, आनंद शर्मा, सारिक अनवर, सचिन पायलट, अंबिका सोनी, नासिर हुसैन और भूपेश बघेल शामिल थे। संसद के विशेष सत्र से पहले कांग्रेस की बैठक कांग्रेस पार्टी ने संसद के तीन दिन के विशेष सत्र से पहले, जो 16 अप्रैल से शुरू होने वाला है, महिला आरक्षण बिल पर एक बैठक बुलाई है। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब संसद 16 अप्रैल से तीन दिन के विशेष सत्र के लिए मिलने वाली है, जिसका मुख्य फोकस महिला आरक्षण संशोधन बिल पर होगा। सरकार ने दो बड़े संशोधनों की योजना बनाई है। 2023 के श्नारी शक्ति वंदन अधिनियमश ने महिलाओं के आरक्षण को नई जनगणना और परिसीमन से जोड़ दिया था। जनगणना में देरी के कारण, अब 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर आगे बढ़ने की योजना है। परिसीमन और सीटों के पुनर्वितरण का आधार 2011 की जनगणना होगी। संशोधन के बाद लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़कर 816 हो सकती है। श्नारी शक्ति वंदन अधिनियमश में संशोधन के लिए संसद में एक बिल पेश किया जाएगा। एक अलग परिसीमन बिल पेश किया जाएगा। महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने हेतु इन दोनों बिलों को संवैधानिक संशोधन के तौर पर पारित किया जाना आवश्यक है।

## यमुना नदी में नाव पलटने से मचा कोहराम, 9 श्रद्धालुओं की मौत, कई लापता

संवाददाता

वृंदावन के श्रृंगार घाट के पास यमुना नदी में एक नाव पलटने से बड़ा हादसा हो गया, जिसमें 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई लोग लापता हैं। प्रशासन द्वारा बचाव अभियान जारी है, जिसमें अब तक 22 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है और एनडीआरएफ की टीमें लापता लोगों की तलाश कर रही हैं। वृंदावन में यमुना नदी में एक नाव पलटने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग लापता हो गए। यह घटना वृंदावन कोतवाली पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में हुई। नाव में लगभग 25 लोग सवार थे। श्रृंगार घाट के पास हुई इस दुर्घटना में कई लोगों के डूबने की आशंका है। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और गोताखोरों की सहायता से राहत एवं बचाव अभियान जारी है। दुर्घटनास्थल पर गोताखोर और स्थानीय पुलिस मौजूद हैं।इस दुर्घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। यह घटना



श्रृंगार घाट के पास घटी, जहां स्टीमर अचानक अपना संतुलन खो बैठा और नदी में पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा इतनी अचानक हुआ कि लोगों को संभलने या खुद को बचाने का मौका भी नहीं मिला। हादसे के बाद चारों ओर चीख–पुकार मच गई, क्योंकि नदी में गिरे लोग अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष करते नजर आए। स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और कई लोगों को पानी से बाहर निकालने की कोशिश की। जिला मजिस्ट्रेट सीपी सिंह के अनुसार, इस हादसे में अब तक नौ लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि कई अन्य लापता बताए जा रहे हैं। वृंदावन के श्रृंगार घाट के पास बचाव अभियान बिना किसी रुकावट के जारी है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और स्थानीय गोताखोरों की टीमें तलाशी अभियान चलाने के लिए पानी में उतर चुकी हैं। प्रशासन ने कहा है कि यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक सभी लापता व्यक्तियों को बचा नहीं लिया जाता। दुर्घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा है, जहां परिवार के सदस्य अपने प्रियजनों के बारे में खबर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि केशी घाट के पास यमुना नदी के एक हिस्से में नाव डूब गई है... अब तक 22 लोगों को पानी से बचाया जा चुका है। बचाए गए लोगों को एम्बुलेंस और आठ पुलिस वाहन (पीआरवी) की मदद से तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

## बिहार विधानसभा को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी। बिहार विधानसभा को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। यह घटना दिल्ली विधानसभा और पंजाब के स्कूलों को मिली हालिया फर्जी धमकियों की श्रृंखला का हिस्सा है, जिसे लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को बिहार विधानसभा को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। सचिवालय–1 की सब–डिविजनल पुलिस ऑफिसर (एसडीपीओ) अनु कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हमें सूचना मिली है कि बिहार विधानसभा के अधिकारियों को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला है। पुलिस परिसर की गहन जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि बम निरोधक और खोजी दल तैनात कर दिए गए हैंऔर गहन तलाशी अभियान जारी है। विधानसभा को 13 मार्च को भी इसी तरह की धमकी मिली थी, जो बाद में झूठी निकली। एक अन्य घटनाक्रम में, दिल्ली विधानसभा को गुरुवार को भेजे गए बम की धमकी वाले ईमेल के बाद प्रमुख सरकारी प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक सुरक्षा अभ्यास किया गया।

# कृष्णानगर क्षेत्र में चोरी की वारदातों का खुलासा, पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी शातिर चोर गिरफ्तार

लखनऊ,(आरएनएस ) । थाना कृष्णानगर क्षेत्र में फरवरी माह के दौरान हुई चोरी की लगातार तीन घटनाओं का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए मुठभेड़ के बाद 25 हजार रुपये के इनामी शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय चोरी के गिरोह का पर्दाफाश हुआ है, जबकि एक अन्य वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।पुलिस के अनुसार थाना कृष्णानगर पर मु0अ0सं0—073ध2026, 104ध2026 तथा 134ध2026 धारा 331(4)ध 305(ए) सहित अन्य धाराओं में अज्ञात चोरों द्वारा घरों में घुसकर चोरी करने के संबंध में अभियोग पंजीकृत किए गए थे। घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर द्वारा अभियोगों के सफल अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चार पुलिस टीमों का गठन किया गया था।फरवरी माह के दौरान थाना क्षेत्र में हुई तीन चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस टीमों द्वारा लगभग 500 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन विश्लेषण किया गया। इसके साथ ही अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की भी बारीकी से जांच की गई। तकनीकी और मैनुअल जांच के आधार पर पुलिस ने तीन अभियुक्तों की पहचान सुनिश्चित की। इनमें से एक अभियुक्त को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा जा चुका है, जबकि शेष दो अभियुक्त विपिन और कुलदीप फरार चल रहे थे।इसी क्रम में 10 अप्रैल 2026 की देर रात्रि चार्ली कंट्रोलध लैपर्ड—5 टीम के अनुपालन में डूडा कॉलोनी, मानसनगर रोड के पास संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक संदिग्ध व्यक्ति क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आध ाार पर पुलिस टीम ने संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह पुलिस को देखकर भागने लगा। भागते समय वह लड़खड़ा कर गिर गया और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की गई, जिसमें अभियुक्त के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे तत्काल हिरासत में लेकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त की पहचान विपिन पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम हरदी, थाना मौरावां, जनपद उन्नाव के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार फरार चल रहा उसका साथी कुलदीप यादव पुत्र रमेश यादव निवासी निजामपुर मल्हौर की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त विपिन और फरार कुलदीप दोनों 25—25 हजार रुपये के इनामी घोषित शातिर अपराधी हैं। अभियुक्त विपिन के विरुद्ध लखनऊ कमिश्नरेट के विभिन्न थानों में चोरी, गैंगेस्टर एक्ट तथा अन्य गंभीर धाराओं में कुल 20 अभियोग पंजीकृत हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि वह एक पेशेवर और आदतन अपराधी है।पुलिस कार्रवाई के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया। इसके अतिरिक्त चोरी से संबंधित पीली धातु की दो चेन, तीन अंगूठियां तथा एक मोटरसाइकिल पल्सर (नंबर यूपी32एमसी8337) भी बरामद की गई है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में हाल के दिनों में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ है और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

# जस्टिस यशवंत वर्मा ने दिया पद से इस्तीफा

### थेय सुप्रीम कोर्ट की जांच में पाये गये थे दोषी, संसद में महाभियोग प्रस्ताव

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति को इस्तीफा भेज दिया है। बीते वर्ष 14 मार्च 2025 को उनके दिल्ली स्थित सरकारी घर में आग लगने के दौरान 500—500 के नोटों के बंडल जले मिले थे। इसके बाद उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था। उन्होंने 5 अप्रैल 2025 को इलाहाबाद हाईकोर्ट में शपथ ली थी, लेकिन उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई थी।मामले की जांच पूरी होने तक उन्हें न्यायिक कामों से दूर रखा गया था। जस्टिस वर्मा ने 9 अप्रैल को इस्तीफा भेजा था, लेकिन आज 10 अप्रैल को इसकी जानकारी दी। जस्टिस वर्मा ने इस्तीफे में लिखा है कि मैं आपके सम्मानित कार्यालय को उन कारणों से परेशान नहीं करना चाहता, जिनकी वजह से मुझे यह पत्र लिखना पड़ रहा है। लेकिन गहरे दुख के साथ मैं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे रहा हूं। इस पद पर सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है।सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना ने 22 मार्च को जस्टिस वर्मा पर लगे आरोपों की इंटरनल जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई थी। इसने 4 मई को सीजेआई को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया था।

लोकसभा में जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था। उन्होंने इसे चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

# डा उदय प्रताप सिंह ने भगवा ध्वज दिखा कर की हनुमंत कथा का प्रचार वाहन की रवानगी

### हनुमंत कथा मंगल कलश यात्रा वस्त्र वितरण आज,12 अप्रैल को होगी तैयारी बैठक

प्रयागराज। 21 अप्रैल से लेकर 23 अप्रैल तक प्रयाग उत्थान समिति के द्वारा आयोजित होने वाली बाबा बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुंमत कथा के प्रचार प्रसार के लिए प्रचार वाहन की रवानगी मुट्ठीगंज में प्रयाग उत्थान समिति के अध्यक्ष डा उदय प्रताप सिंह ने भगवा ध्वज दिखा कर किया। उन्होंने बताया कि गंगापार, यमुना पार प्रयागराज महानगर में प्रचार प्रसार के लिए वाहन चलाए गए हैं।समिति के उपाध्यक्ष राजेश केसरवानी ने बताया कि 20 अप्रैल को होने वाली हनुमंत कथा मंगल कलश यात्रा को लेकर जिन महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया गया है उनके वस्त्र वितरण एवं कलश का टोकन आज 11 अप्रैल को सुबह 12रू00 ठाकुर हरनारायण सिंह डिग्री कॉलेज के प्रांगण में वितरण किया जाएगा। इसी क्रम में 12 अप्रैल को दोपहर 12रू00 बजे हनुमंत कथा को लेकर एक वृहद बैठक चौधरी गार्डन में आयोजित की जाएगी।

इस अवसर पर अभिषेक ठाकुर धीरेंद्र प्रताप सिंह, विनय प्रताप सिंह, राजेश केसरवानी, बबलू पांडे, शिव बाबू अग्रहरि, आलोक केसरवानी शिवम अग्रहरी, अभिलाष केसरवानी, अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल, सुनील केसरवानी, दीपक केसरवानी, नीरज केसरवानी आदि क्षेत्र के व्यापारी लोग उपस्थित रहे।

# होटल से निकली 75 लाख की रकम लूटने वाला गिरोह गिरफ्तार, ड्राइवर ने लालच में रची साजिशय 45 लाख नगद व स्कार्पियो बरामद




लखनऊ,(आरएनएस )। राजधानी के विभूतिखण्ड थाना क्षेत्र में हुई 75 लाख रुपये की बड़ी लूट की वारदात का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए पांच शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। क्राइम ब्रांच, क्राइमध सर्विलांस (पूर्वी) और थाना विभूतिखण्ड की संयुक्त टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई में लूट की गई रकम में से 45 लाख रुपये नगद तथा घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर प्लेट की काली स्कार्पियो वाहन बरामद की गई है। इस खुलासे से एक सुनियोजित आपराधिक साजिश का पर्दाफाश हुआ है, जिसमें होटल से जुड़े व्यक्ति की भूमिका भी सामने आई है।पुलिस के अनुसार 5 अप्रैल 2026 को वादी निकुल सिंह जडेजा निवासी परपाटन, गुजरात ने थाना विभूतिखण्ड में प्रार्थना—पत्र देकर सूचना दी थी कि स्कार्पियो सवार अज्ञात बदमाशों ने उन्हें धक्का देकर नगदी से भरा बैग लूट लिया। इस सूचना पर मु0अ0सं0 0119ध 2026 धारा 309(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और तत्काल लुटेरों की गिरफ्तारी तथा लूटी गई रकम की बरामदगी के लिए विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया।संयुक्त पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए लुटेरों के भागने का रूट मैप तैयार किया। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर 10 अप्रैल 2026 को लखनऊ पब्लिक कॉलेज कठौता झील के पास से पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 45 लाख रुपये नगद तथा घटना में प्रयुक्त काली स्कार्पियो वाहन बरामद की गई। बरामदगी और साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2), 317(5) और 61(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है, जबकि अन्य संलिप्त फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है।जांच के दौरान यह भी सामने आया कि इस लूट की साजिश अचानक नहीं बल्कि योजनाबद्ध तरीके से रची गई थी। पुलिस के अनुसार होटल से जुड़ा ड्राइवर राहुल यादव कई वर्षों से विभिन्न जनपदों में जाकर होटल और व्यवसाय से संबंधित नकदी एकत्र करने का कार्य करता था। लगातार बड़ी रकम को संभालते हुए उसके मन में लालच उत्पन्न हुआ। उसने इस संबंध में अपने चचेरे भाई आकाश यादव को जानकारी दी। आकाश ने अपने मित्र सलमान से संपर्क किया, जो प्रॉपर्टी ब्रोकरी के कार्य से जुड़े मुख्य अभियुक्तों राजकुमार, सुमित और विशाल के साथ संपर्क में था और आपराधिक गतिविधि ायों में भी संलिप्त रहता था।योजनानुसार जब रुपयों से भरा बैग होटल पहुंचा और उसे लेकर वादी के निकलने की तैयारी हुई, तभी राहुल ने इसकी सूचना अपने साथियों को दे दी। सूचना मिलते ही स्कार्पियो पर सवार बदमाशों ने मौका देखकर वादी को धक्का दिया और रुपयों से भरा बैग छीनकर बिना नम्बर प्लेट की स्कार्पियो से फरार हो गए। इस पूरी वारदात को अंजाम देने के लिए पहले से वाहन की व्यवस्था और भागने का रास्ता तय किया गया था।पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में अतुल कुमार रावत निवासी माढ़रमऊ कला थाना सुशान्त गोल्फ सिटी, विशाल सिंह निवासी पिपराघाट दिलकुशा थाना कैन्ट, राहुल यादव निवासी बादशाह खेड़ा तकरोही अमराई थाना इन्दिरानगर, आकाश यादव निवासी बादशाह खेड़ा तकरोही अमराई थाना इन्दिरानगर तथा अमित कुमार गुप्ता निवासी विराजखंड—5 थाना विभूतिखण्ड शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में सभी अभियुक्तों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में से विशाल सिंह और अतुल कुमार रावत के विरुद्ध पूर्व में भी मारपीट, धोखाधड़ी और लूट से संबंधित मुकदमे दर्ज हैं। अन्य अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। पुलिस का मानना है कि यह गिरोह लंबे समय से ऐसी घटनाओं को अंजाम देने की योजना बना रहा था और उचित अवसर मिलने पर इस वारदात को अंजाम दिया गया।इस बड़ी लूट की घटना के सफल अनावरण को पुलिस की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# समयबद्ध रूप से निस्तारित करें आयोग के द्वारा संदर्भित प्रकरण- अध्यक्ष

प्रयागराज। अध्यक्ष—राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग साध्वी निरंजन ज्योति ने जनपद प्रयागराज भ्रमण कार्यक्रम के क्रम में शुक्रवार को सर्किट हाउस के सभागार में पिछड़ा वर्ग से सम्बंधित समस्याओं एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण से सम्बंधित विषयों के सम्बंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में अध्यक्षा ने कौशाम्बी में हुई दुर्घटना में घायल तथा स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती श्री केसन के द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने तथा जो मरीज ठीक हो गये, उनको एम्बुलेंस नहीं उपलब्ध कराये जाने की शिकायत से सम्बंधित प्रकरण की सुनवाई करते हुए उन्होंने प्रधानाचार्य—मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज डॉ0 वी0के0 पाण्डेय को प्रकरण की जांच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है।

साध्वी निरंजन ज्योति ने अस्पताल में भर्ती मरीजों का पूरी संवेदना के साथ समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। समीक्षा बैठक में अध्यक्षा ने कहा कि आयोग के द्वारा जो भी प्रकरण सम्बंधित अधिकारियों को संदर्भित किया जाये, उनका निस्तारण समय से सुनिश्चित हो जाये। इसके साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि पिछड़ा वर्ग से सम्बंधित जो भी शिकायत या आवेदन पत्र प्राप्त हो, उनका समय से सम्बंधित अधिकारियों के द्वारा निस्तारण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने स्वरूपरानी अस्पताल में कितने चिकित्सक है, कितने पैरामेडिकल स्टॉफ है तथा कितने सफाई कर्मी तैनात है, इसकी श्रेणीवार सूची उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा।



इस अवसर पर डीआईजी विजय धुल व अन्य पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगणों के अलावा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती विनीता सिंह, प्रधानाचार्य मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज, सीएमएस डॉ0 नीलम सिंह, दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारीध प्रभारी पिछड़ा वर्ग कल्याण अधि ाकारी अशोक कुमार गौतम सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गोवंशों से भरा ट्रक पलटा, सात गोवंश की मौत और 11 घायल

### गोकशी के लिए ले जाया जा रहा था

प्रयागराज। होलागढ़ थानांतर्गत पश्चिम नारा गांव के पास गुरुवार देर रात बड़ी नहर की पुलिया पर गोवंशों से भरा ट्रक पलट गया। इसमें सात गोवंशों की मौत हो गई, जबकि 11 घायल हो गए। सभी का पशु डॉक्टरों से उपचार करा कर राजापुर स्थित गोशाला में भिजवाया गया। गंगा एक्सप्रेस—वे की सर्विस रोड से गुरुवार देर रात एक ट्रक प्रतापगढ़ से होलागढ़ की तरफ जा रहा था। रास्ता भटक जाने के कारण चालक दूसरे मार्ग पर चला गया और फिर बड़ी नहर की पुलिया पर ट्रक बैक करते समय पलट गया। चालक मौके से भाग निकला। शुक्रवार सुबह ग्रामीण उधर से गुजरे तो उन्हें इसकी जानकारी हुई।

होलागढ़ पुलिस के साथ ही एसीपी व पशु डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल में सामने आया कि गोकशी के लिए गोवंशों को ले जाया जा रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह पश्चिम नारा गांव के पास से ग्रामीण गुजरे तो बड़ी नहर की पुलिया पर एक ट्रक को पलटा देखा। वह मौके पर पहुंचे तो वहां कई गोवंश गिरे पड़े थे। पलभर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। जमीन में पड़े व ट्रक में लदे गोवंशों को किसी बाहर निकालकर सड़क पर ले आया गया। इसी बीच होलागढ़ पुलिस के साथ ही एसीपी सोरांव श्यामजीत प्रमिला घटनास्थल पर पहुंचे। पशु चिकित्सकों को फोन करके बुलाया गया।

गोवंशों की जांच की गई तो पता चला कि सात की मौत हो चुकी है, जबकि 11 घायल थे। इन सभी का उपचार कर राजापुर स्थित गोशाला भेजा गया।ट्रक का नंबर प्लेट फर्जी होने का प्लेट लगाया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।



पुलिस को संदेह

जिस ट्रक में गोवंश लदे थे, उसके नंबर को देखा तो वह बरेली का था। हालांकि पुलिस को संदेह है कि फर्जी नंबर जानकारी होने पर विहिप कार्यकर्ताओं ने भी मौके पर पहुंचकर फरार चालक व गोवंश तस्करी से जुड़े अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की।

# नाका हिण्डोला पुलिस की तत्परता से साइबर ठगी की शिकार महिला को मिली राहत, 28,122 की पूरी रकम खाते में कराई वापस



लखनऊ(आरएनएस )। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत थाना नाका हिण्डोला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी की शिकार एक महिला की पूरी धनराशि 28,122 वापस कराकर सराहनीय कार्य किया है। इस कार्रवाई से न केवल पीड़िता को आर्थिक राहत मिली है, बल्कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास भी और अधिक मजबूत हुआ है।पुलिस के अनुसार दिनांक 06 अप्रैल 2026 को थाना नाका हिण्डोला क्षेत्र के गणेशगंज निवासी पीड़िता पूजा अग्रवाल द्वारा साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में बताया गया कि अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा उनके बैंक खाते से धोखाधड़ी कर ध28,122 की धनराशि निकाल ली गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की।प्रकरण की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में साइबर सेल टीम सक्रिय हो गई। टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया और संबंधि ात बैंक तथा पेमेंट गेटवे से समन्वय स्थापित कर फ्रॉड की गई धनराशि को तत्काल फ्रीज कराया गया। लगातार तकनीकी प्रयासों और समन्वित कार्रवाई के परिणामस्वरूप पुलिस टीम ने ठगी गई पूरी धनराशि को सुरक्षित करते हुए पीड़िता के बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस करा दिया।अपनी खोई हुई जमा पूंजी वापस मिलने पर पीड़िता ने लखनऊ पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पुलिस की तत्परता और प्रभावी कार्रवाई से उन्हें न केवल आर्थिक राहत मिली, बल्कि मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिली है।इस प्रभावी कार्रवाई में थाना नाका हिण्डोला के प्रभारी निरीक्षक अभिनव कुमार वर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सतेन्द्र सैनी तथा महिला कांस्टेबल सपना गिरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई को साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।लखनऊ पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाध ाड़ी की स्थिति में तुरंत साइबर क्राइम पोर्टल या नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर नुकसान को रोका जा सके।

# समाज को बांटने की राजनीति कर रहे अखिलेश यादव- साध्वी निरंजन ज्योति

### महापौर ने किया पिछड़ा आयोग की अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति का स्वागत

प्रयागराज। पूर्व केंद्रीय मंत्री राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति का स्वागत अभिनंदन समारोह का आयोजन महापौर गणेश केसरवानी के नेतृत्व में सदियापुर में पूर्व पार्षद ऋषि निषाद के सभागार में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पिछड़ा आयोग की अध्यक्षा साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि सभी समाज के माता—पिता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि अपने बच्चों को वह शिक्षित करें और संस्कारवान बनाएं जिससे कि आने वाली पीढ़ी शिक्षित हो और उनके बढ़ते हुए कदम को कोई रोक न पाए। उन्होंने आगे कहा कि राजनीति समाज को जोड़ने की होनी चाहिए ना कि तोड़ने की लेकिन उत्तर प्रदेश के अंदर पीडीए के नाम पर समाज को तोड़ने की राजनीति कर रहे हैं। अखिलेश यादव और ऐसी जातिवादी जहर के नाम पर राजनीति करने वाले अखिलेश यादव को आने वाले 2027 में प्रदेश की जनता कमल खिलाकर उन्हें सबक सिखाएगी।

इस अवसर महापौर गणेश केसरवानी भाजपा नेता मलयज शर्मा, राजेश केसरवानी, पूर्व पार्षद ऋषि निषाद, पार्षद श्रीमती राधा निषाद ने साध्वी निरंजन ज्योति को स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

स्वागत करने वालों में अमित गुप्ता, पार्षद साहिल अरोरा, अरविंद निषाद, ध रुव निषाद, मनोज निषाद, अमन गुप्ता, रणविजय सिंह, रेखा कनौजिया, ज्ञान कुशवाहा, सुमित सिंह बागी, श्याम निषाद, मनीष निषाद, आभा साहू, रीना निषाद आदि सैकड़ों भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता रहे।

# गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा सख्त, स्मार्ट मीटर शिकायतों के त्वरित समाधान और क्षमता वृद्धि कार्यों में तेजी के निर्देश

लखनऊ, (आरएनएस )। ए.के. शर्मा ने आज संगम सभागार में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड तथा प्रदेश के सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों के साथ समीक्षा बैठक कर आगामी गर्मी के मौसम में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए की गई तैयारियों का गहन मूल्यांकन किया।बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि विद्युत व्यवस्था का मूल उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करना है और "सिस्टम में जनता सर्वोपरि है।" उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ता हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य किया जाए तथा विद्युत से संबंधित शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं का भरोसा व्यवस्था पर बना रहे।स्मार्ट मीटर से संबंधि ात समस्याओं पर विशेष चिंता व्यक्त करते हुए ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस और प्रभावी रणनीति अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में किसी भी प्रकार की भ्रांति या असमंजस की स्थिति नहीं रहनी चाहिए। इसके लिए व्यापक स्तर पर जन—जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया, जिससे उपभोक्ता स्मार्ट मीटर के लाभ, उपयोगिता और संचालन प्रणाली को सही ढंग से समझ सकें और उसका सहज उपयोग कर सकें।

# तीन राज्यों में बंपर वोटिंग ने क्या संदेश दिया? क्या जनादेश अभी से साफ नजर आ रहा है?

सबसे पहले बात असम की करें तो यहां का मतदान प्रतिशत न केवल पिछले चुनावों से अधिक रहा बल्कि कई क्षेत्रों में रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। कुल 126 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 85 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो पहले के चुनावों के मुकाबले अधिक है।असम, केरल और पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों में इस बार जबरदस्त मतदान ने लोकतंत्र की मजबूती का एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। लगभग 80 प्रतिशत के औसत मतदान ने यह संकेत दिया है कि जनता न केवल राजनीतिक रूप से जागरूक है, बल्कि अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इतना ही नहीं, इस भारी मतदान ने राजनीतिक दलों की धड़कनें भी तेज कर दी हैं, क्योंकि हर दल इसे अपने पक्ष में जनसमर्थन के रूप में देख रहा है। हालांकि इस बंपर मतदान के वास्तविक मायने क्या हैं, यह समझने के लिए तीनों राज्यों का अलग अलग विश्लेषण जरूरी है।असम चुनावसबसे पहले बात असम की करें तो यहां का मतदान प्रतिशत न केवल पिले चुनावों से अधिक रहा बल्कि कई क्षेत्रों में रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। कुल 126 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 85 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो पहले के चुनावों के मुकाबले अधिक है। खास बात यह रही कि सोलह निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान नब्बे प्रतिशत से भी ऊपर पहुंच गया। दलगांव में तो मतदान लगभग 95 प्रतिशत के करीब रहा, जो राज्य में सबसे अधिक है।

असम में चुनावी मुकाबला मुख्य रूप से दो ध्रुवों के बीच रहा। एक ओर भाजपा के नेतृत्व वाला सत्तारुढ़ गठबंधन है जो लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की कोशिश कर रहा है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष गठबंधन सत्ता में वापसी के लिए संघर्षरत है। इसके अलावा कुछ क्षेत्रीय दल भी कुछ सीटों पर प्रभाव डालने की स्थिति में हैं।यहां मतदान का एक महत्वपूर्ण पहलू क्षेत्रीय असमानता के रूप में सामने आया। निचले असम के क्षेत्रों में, जहां अल्पसंख्यक मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहां मतदान प्रतिशत अत्यधिक रहा। बरपेटा, बोंगाईगांव और धुबरी जैसे जिलों में मतदान नब्बे प्रतिशत से ऊपर दर्ज किया गया। इसके विपरीत ऊपरी असम के क्षेत्रों में मतदान अपेक्षाकृत कम रहा। इससे यह संकेत मिलता है कि चुनावी उत्साह उन क्षेत्रों में अधिक था जहां मुकाबला अधिक तीखा है।हालांकि मतदान के दौरान कुछ स्थानों पर हिंसा की घटनाएं



भी सामने आईं, लेकिन कुल मिलाकर मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। भारी मतदान को लेकर सत्तारुढ़ नेतृत्व ने इसे ऐतिहासिक बताया और इसे जनता के विश्वास का प्रतीक माना।केरल चुनावअब केरल की बात करें तो यहां का चुनाव परंपरागत रूप से दो प्रमुख गठबंधनों के बीच होता रहा है। इस बार भी मुख्य मुकाबला सत्तारुढ़ वाम मोर्चा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ मोर्चे के बीच रहा, जबकि तीसरा विकल्प बनने की कोशिश कर रहा भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में लगा है। केरल में लगभग 77 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो पिछले चुनाव से अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक कोझिकोड जिले में सबसे अधिक मतदान दर्ज किया गया, जबकि कुछ क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ। केरल में इस बार चुनाव का मुख्य सवाल यह रहा कि क्या सत्तारुढ़ गठबंधन लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटेगा या फिर विपक्ष वापसी करेगा? उच्च मतदान को लेकर अलग अलग राजनीतिक दलों ने अलग अलग दावे किए हैं। सत्तारुढ़ पक्ष इसे अपनी नीतियों के समर्थन के रूप में देख रहा है, जबकि विपक्ष इसे बदलाव की इच्छा का संकेत बता रहा है।हम आपको बता दें कि उत्तर केरल यानी मलाबार क्षेत्र इस बार भी चुनावी परिणामों की कुंजी माना जा रहा है। यहां की साठ सीटों पर तीनों प्रमुख राजनीतिक धाराओं की नजर है। पिछले चुनाव में इस क्षेत्र में सत्तारुढ़ दल को बड़ी सफलता मिली थी, लेकिन इस बार विपक्ष यहां बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा है। कई सीटों पर कड़ा मुकाबला और अस्सी प्रतिशत से अधिक मतदान इस क्षेत्र को और भी महत्वपूर्ण बना देता है।पुडुचेरी चुनावअब पुडुचेरी की बात करें तो यहां सबसे अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो लगभग नब्बे प्रतिशत के करीब रहा। यह पिछले सभी रिकॉर्ड को पार करता हुआ दिखाई देता है। यहां मुकाबला मुख्य रूप से दो गठबंधनों के बीच है। एक ओर सत्तारुढ़ एनडीए गठबंधन है तो दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष।पुडुचेरी में चुनावी मुद्दों में राज्य का दर्जा, बेरोजगारी और जल प्रदूषण जैसे विषय प्रमुख रहे। इसके अलावा एक नए राजनीतिक दल की एंट्री ने भी चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। उच्च मतदान से यह संकेत मिलता है कि जनता इन मुद्दों को लेकर गंभीर है और बदलाव या स्थिरता में से किसी एक को स्पष्ट रूप से चुनना चाहती है।तीनों राज्यों के आंकड़ों को मिलाकर देखें तो कुल मिलाकर पांच करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया और कुल एक हजार नौ सौ से अधिक उम्मीदवार मैदान में रहे। यह संख्या इस बात को दर्शाती है कि लोकतंत्र में भागीदारी कितनी व्यापक है।भारी मतदान से क्या संदेश मिला? अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या भारी मतदान सत्ता परिवर्तन का संकेत है या फिर यह सत्तारुढ़ दलों के प्रति विश्वास को दर्शाता है? चुनावी विशेषज्ञों की राय इस पर बंटी हुई है। कुछ का मानना है कि जब लोग बड़ी संख्या में मतदान करते हैं तो यह बदलाव की इच्छा का संकेत होता है, जबकि अन्य इसे सरकार के प्रति संतोष के रूप में देखते हैं। वैसे कई विश्लेषकों का यह भी कहना है कि तीनों ही राज्यों में चुनाव प्रचार के दौरान जो बात सबसे प्रमुख तौर पर नजर आई वह यह थी कि सरकार के खिलाफ नाराजगी जरूर दिखी लेकिन सरकार बदलने का भाव जनता के बीच नहीं दिखा।

## सम्पादकीय

### युद्ध से कोरोना जैसा संकट

मोदी ने संकटकाल में राष्ट्रीय एकजुटता का आह्वान किया। मगर इसके लिए विपक्ष और देश को भरोसे में लेने का कोई इरादा उन्होंने नहीं जताया। ऐसे में उनका बयान कोई नई दिशा दिखाने में सफल हुआ, ये कहना कठिन है। प्रधानमंत्री की इस बात से सहज सहमत हुआ जा सकता है कि पश्चिम एशिया में युद्ध से भारत के सामने कोरोना महामारी जैसा संकट खड़ा हुआ है। उनकी ये बात भी सही है कि इस संकट का प्रभाव लंबे समय तक बना रह सकता है। मगर उनकी ये बात उतनी ही आसानी से गले नहीं उतरती कि ये चुनौतियां अप्रत्याशित ढंग से सामने आईं। ना ही उनका ये कथन सहज स्वीकार्य है कि गुजरे एक दशक में उनकी सरकार ने जो तैयारियां कीं, वे इस वक्त काम आ रही हैं। हकीकत यह है कि रसोई गैस आपूर्ति में आई रुकावटों से देशवासी मुसीबत में फंसे हुए हैं, देश की खाद्य सुरक्षा के ऊपर उर्वरक का गंभीर संकट मंडरा रहा है, और भीषण महंगाई की आशंका हर रोज सघन होती जा रही है। बेशक, इस पूरी हालत के लिए सरकार जिम्मेदार नहीं है, लेकिन उसकी व्यापार एवं विदेश नीति संबंधी प्राथमिकताओं ने हालात ज्यादा मुश्किल बनाए हैं, यह भी जग–जाहिर है। अमेरिकी दबाव में रूस से रियायती दर पर तेल लेना बंद करना एक ऐसी ही प्राथमिकता थी। अब संकटकाल में जब अमेरिका ने रूसी तेल को प्रतिबंध मुक्त किया है, तो भारत को बाजार भाव पर वही तेल खरीदना पड़ रहा है। इसी तरह पश्चिम एशिया में सबसे समान दूरी की नीति छोड़ने की महंगी कीमत अब चुकानी पड़ी है।

नरेंद्र मोदी ने संसद के मंच पर अपनी नीतियों के पक्ष में कोई दमदार दलील पेश नहीं की। बल्कि पश्चिम एशिया के बारे में एकमात्र नीतिगत बयान यह दिया कि होरमुज जलडमरूमध्य को बंद करना अस्वीकार्य है। मगर, इससे यह बात गायब रही कि ये रास्ता किसने बंद किया और उसकी पृष्ठभूमि क्या है? इस संबंध में विपक्षी दलों ने अपनी अलग राय रखी है। लोकसभा में दिए बयान में मोदी ने संकटकाल में राष्ट्रीय एकजुटता का आह्वान किया। मगर इसके लिए विपक्ष और पूरे देश को भरोसे में लेने का कोई इरादा उन्होंने नहीं जताया। ऐसे में युद्ध के 24वें दिन जाकर दिया गया उनका बयान कोई नई दिशा दिखाने और जन–विश्वास पैदा करने में सफल हुआ, यह शायद ही कहा जा सकता है।

### क्या डानल्ड ट्रंप अमेरिका के बहादुर शाह जफर साबित होंगे ?

यूएस प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप ने जब ईरान युद्ध पर अमेरिका की जनता को संबोधित किया तो वहां की जनता अपना सिर पकड़ लिया कि हारा हुआ पहलवान जीत का दावा कर रहा है दूसरी ओर मध्य पूर्व में खाड़ी देशों में तैनात अमेरिका के सैनिक मारे जाने या बंदी बनाए जाने के डर से होटलों में शरण ले रहे हैं। हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र में ईरान ने कब्जा कर लिया है और वहां पर 400 से अधिक मालवाहक शिप 2०० नाविकों के साथ फंसे जिनमें क्रूड ऑयल,गैस, लादी हुई है।जबकि ईरान में अस्सी लाख लोगों ने अपने आप को अमेरिका के खिलाफ युद्ध में लड़ने के लिए पंजीकृत किया है इसके अलावा दस ईरानी ढ़ढक्रत्रष्ट खरग नामक टापू पर लड़ने तैयार है। उल्लेखनीय है कि 23 मार्च को डॉनल्ड ट्रंप ने खार्ग क्षेत्र में भीषण युद्ध करने की धमकी दी थी।आज हालत यह है कि डॉनल्ड ट्रंप ने अपने उद्बोधन में इसका जिक्र तक नहीं किया और यह भी कह दिया कि नाटो देश निकम्मे है । अमेरिका ने अपने आप को हॉर्मूज से अलग कर कह दिया कि जिसे खाड़ी देशों से तेल लेना हो वह अपने हिसाब से हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र से अपने जहाज निकले। उन्होंने धमकी दी कि वह ईरान को स्टोन एज में भेज दे गा। हॉर्मूज में मध्य पूर्व के देशों के अलावा यूरोपीय देशों के 145 शिप भी फंसे है। 20 भारतीय जहाजों तेल टैंकरों गैस टैंकरों को भी अपनी बारी का इंतजार है।1857 में भारत के सम्राट बहादुर शाह जफर ने ब्रिटिश को सत्ता सौंपी थी वैसे ही डॉनल्ड ट्रंप अपनी आर्थिक सत्ता को किसको सौंपते हैं और डॉलर की बादशाहत खत्म कर विश्व को आजाद कर रहे हैं क्योंकि अब हॉर्मूज से दुनियां को यह संदेश जा रहा है किविश्व में सुपर पावर कोई नहीं है।ईरान ने 35 दिन के युद्ध में अमेरिका को तारे दिखा दिए।हालत ऐसे हो गए हैं कि नाटो देशों का सैनिक संगठन बिखर गया है। इटली फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, ब्रिटिश,ने कहा है कि ईरान युद्ध हमारा नहीं है। इतना ही नहीं ब्रिटिश प्राइम मिनिस्टर स्टार्मर ने तो ईरान से हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र बहाल करने के लिए 35 यूरोपीय देशों की लन्दन में मीटिंग रखी है क्योंकि नाटो देश चाहते कि अमेरिका को हटा कर ईरान से मानवीय आधार बातचीत की जाय। खाड़ी देशों में भी अब हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र को खुलवाने में पहल की भूमिका ओमान को दे दी है।खाड़ी देशों में अब कतर,भी ईरान की भाषा बोल रहा है।

# नाटो से बाहर निकलने की तैयारी में यूएस ट्रंप के फैसले से यूरोप की सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था होगी ध्वस्त

देखा जाये तो ट्रंप का यह रुख अचानक सामने नहीं आया है। पिछले कुछ वर्षों से वह लगातार यूरोपीय देशों पर रक्षा बजट बढ़ाने का दबाव बना रहे हैं। नाटो के सदस्य देशों द्वारा सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत रक्षा पर खर्च करने की सहमति भी इसी दबाव का परिणाम थी।अंतरराष्ट्रीय राजनीति में इस समय एक ऐसा तूफान उठ रहा है, जिसने दुनिया की सबसे मजबूत मानी जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था को हिला कर रख दिया है। हम आपको बता दें कि अमेरिका और उसके सहयोगियों के बीच बढ़ती खाई अब खुलकर सामने आ चुकी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नाटो से बाहर निकलने की चर्चा ने साफ कर दिया है कि अब यह गठबंधन केवल औपचारिकता बनकर रह सकता है। हम आपको याद दिला दें कि जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान छेड़ा था तब नाटो के सहयोगी देशों ने इसमें खुलकर सैन्य भागीदारी करने से इंकार कर दिया था। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने इसे साफ शब्दों में नाटो की असफलता बताया। खुद ट्रंप ने नाटो को कागजी शेर तक करार दे दिया। उनका बयान केवल नाराजगी नहीं बल्कि चेतावनी था कि अमेरिका अब नाटो का बोझ अकेला नहीं उठायेगा।देखा जाये तो ट्रंप का यह रुख अचानक सामने नहीं आया है। पिछले कुछ वर्षों से वह लगातार यूरोपीय देशों पर रक्षा बजट बढ़ाने का दबाव बना रहे हैं। नाटो के सदस्य देशों द्वारा सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत रक्षा पर खर्च करने की सहमति भी इसी दबाव का परिणाम थी। लेकिन जब असली परीक्षा आई तो सहयोगी देश पीछे हट गए। यही वह क्षण था जिसने ट्रंप को यह कहने पर मजबूर कर दिया कि नाटो केवल कागजी शेर बनकर रह गया है।रणनीतिक दृष्टि से देखें तो यह घटनाक्रम कई स्तरों पर बेहद महत्वपूर्ण है। सबसे पहले, यह ट्रांस अटलांटिक गठबंधन की विश्वसनीयता पर सीधा हमला है। यदि अमेरिका वास्तव में नाटो से दूरी बनाता है तो यूरोप की सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो सकती है। रूस जैसे प्रतिद्वंद्वी देशों के लिए यह सुनहरा अवसर साबित होगा, क्योंकि यूरोप बिना अमेरिकी सैन्य समर्थन के कमजोर पड़ जाएगा। एक और बड़ा पहलू है पश्चिम एशिया की बदलती रणनीतिक तस्वीर। होरमुज जलडमरूमध्य को लेकर हुए तनाव और तेल आपूर्ति पर पड़ेप्रभाव ने यह साफ कर दिया है कि ऊर्जा सुरक्षा अब वैश्विक शक्ति राजनीति का केंद्र बन चुकी है। ट्रंप का यह कहना कि यह जिम्मेदारी उन देशों की है जो तेल पर निर्भर हैं सीधे तौर पर यूरोप और एशिया को चेतावनी है कि वह अपनी सुरक्षा खुद सुनिश्चित करें।वहीं सबसे आक्रामक संकेत है अमेरिका द्वारा अपने सैन्य अड्डों को स्पेन और जर्मनी जैसे देशों से हटाने या कम करने की योजना। यदि यह कदम उठाया जाता है तो यह केवल सैन्य पुनर्संतुलन नहीं बल्कि एक प्रकार का रणनीतिक दंड होगा। इसका संदेश साफ है कि जो अमेरिका के साथ नहीं खड़ा होगा, उसे उसकी कीमत चुकानी होगी।ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप की जिद भी इस पूरे घटनाक्रम का अहम हिस्सा है। उन्होंने बार बार यह दोहराया है कि यह क्षेत्र अमेरिकी सुरक्षा के लिए जरूरी है।

# भगवान बुद्ध, संत कबीर के बाद मेरे तीसरे पथ-प्रदर्शक महात्मा ज्योतिराव फूले रहे -

**डा0 भीमराव अम्बेदकर महात्मा ज्योतिबा फूले के जन्म-दिन 11 अप्रैल 2026 पर विशेष-**

महात्मा ज्योतिबा फूले आधुनिक भारत की सामाजिक, शैक्षणिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक



जुल्म से पीड़ित जन–जन के लिए उनके पक्ष में डट कर खड़े हो जाते थे, हिन्दू धर्म में व्याप्त पाखंड, छुवाछूत, अंध विश्वास, रूढ़िवाद, कर्मकांड, कुरीतियों, अन्याय, अत्याचार को सामाजिक कोढ़ मानते थे, तथा ईश्वर के मामले में किसी बिचौलिये पण्डे, पुरोहितों को अनावश्यक मान, लोगों को धार्मिक कार्य स्वयं करने की प्रेरणा देते रहे, उन्होने महिला सशक्तिकरण, उनके सम्मान में अनेकों कार्य किए, नर–नारी समानता के लिए लगातार समाज को जागरूक किया, शूद्र और अति पिछड़ी जतियों के लिए शिक्षा का प्रबंध किया, दलित और हर वर्ग की महिलाओं के लिए पाठशाला का निर्माण करवाया, शिक्षा महिलाओं को सुलभ हो अपनी धर्मपत्नी सावित्री बाई फूले को शिक्षित किया, विधवाओं के पुनर्विवाह का जोरदार समर्थन और प्रचार किया, ब्राह्मण विधवाओं के मुंडन के विरुद्ध आवाज उठा नाइयों की हड़ताल करवा दी, अनाथ और आश्रयहीन महिलाओं के लिए अनाथाश्रम और प्रसूति गृह का निर्माण करवाया, ऐसे बहु आयामी व्यक्ति का जन्म 11 अप्रैल 1827 में गोविंद राव फूले के घर हुआ, इनकी माता चिमणा बाई का बाल्यकाल में ही देहांत हो गया, इनका लालन–पालन सगुणा बाई ने किया, स्वयं ज्योतिबा ने लिखा है कि मै जन्म देने वाली माँ को तो नहीं जानता लेकिन हर तरह की शिक्षा और माँ की भूमिका सगुणा बाई जी ने निभाया, उन्होने मुझे शिक्षा के लिए प्रेरणा देते हुए नैतिक मूल्यों, ईमानदारी से दबे, कुचले, वंचित की सेवा का पाठ पढ़ाया, हमारे पिता को कुछ प्रतिक्रियावादी ताकतों ने नर्क का डर दिखा, पढ़ाई से वंचित करवा दिया, लेकिन लिजिट साहब, गफ्फार बेग मुंशी ज्योतिबा की शिक्षा में रुचि, लगन, समझदारी और परिश्रम करने की तैयारी, शिक्षा के प्रति दृढ़ इच्छा शक्ति, दूर दृष्टि को समझते हुए गोविंदराव को ज्योतिबा को शिक्षा देने के लिए तैयार कर लिया, तथा कहा कि शिक्षा इस बच्चे के लिए आवश्यक क्यों है, पिता ने पश्चाताप करते हुए पुनरू 1841 में स्कॉटिश मिशन स्कूल में प्रवेश ज्योतिबा को दिलवा दिया, स्कॉटिश मिशन स्कूल में ज्योतिबा को हिन्दू धर्म में उंच–नीच, छुवाछूत, अन्याय, शोषण विद्यमान है, धर्माचरण में निहित स्वार्थ का भी अनुभव हुआ, तथा मानवीय कर्तव्यों और अधिकारों का भी ज्ञान हुआ, राजनैतिक और धार्मिक गुलामी उनकी नजर में घृणास्पद थी, यद्यपि व्यापारी और उच्च वर्ण के लोग अंग्रेजों के शासन के प्रसंशक थे, लेकिन पहाड़ी जन–जातियों, कोली, नाईक, रामोशी के नवयुवकों की वीरता की कहानियाँ चारों तरफ फैल रही थी, कि ये तो अंग्रेजों के कुशासन के विरुद्ध विद्रोह कर रहे है, वे गरीबों के प्रति हमदर्द और आत्मविश्वास से परिपूर्ण है, ज्योतिबा फूले और उनके मित्रों को अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ने की प्रेरणा मिलीद्य

ज्योतिबा राव फूले पर अमेरिकी लेखक थॉमसपेन का प्रभाव उनके द्वारा लिखित ग्रंथ "मनुष्य के अधिकार" का बेहद गहरा पड़ा, थॉमसपेन का मानना था धर्म किसी व्यक्ति का निजी विषय है वह चाहे ईश्वर को माने, चाहे न माने, मेरा मन ही मेरा चर्च है, ईश्वर के मामले में किसी बिचौलिये की आवश्यकता नहीं है, ईश्वर के नाम पर धर्म का बाजार अनावश्यक, अनिष्टकारी और पाखंड सर्जक है, इसलिए देश वंश, पंथ, लिंग आदि के आधार पर मनुष्यों में भेद करना प्राकृतिक योजना के विरुद्ध है, हर एक–दूसरे मानव की कद्र करनी चाहिए, और सभी के साथ समानता का व्यवहार करना चाहिए, यही मानव धर्म है, पेन ने नारी दास्य विमोचन के बारे में लेख लिखा उन्होने कहा समस्त विश्व की नारी चाहे वह किसी वर्ग की हो शोषण की शिकार रही है, उन्होने स्त्री–पुरुष की समानता पर जोर दिया, आर्थिक और सामाजिक गुलामी से वंचितों की मुक्ति और नारी दास्य विमोचन दोनों विषयों के लिए ज्योतिबा काम करना चाहते थे, उनकी विशेष रुचि थीद्य

ड़ा0 अम्बेद्कर ने कहा है कि "महात्मा फूले के शिक्षा प्रसार के कार्य से ही अछूतों को मनुष्यता की प्राप्ति हुई, स्वयं ज्योतिबा ने कहा कि वंचित समाज और हर वर्ग की महिलाओं को मानसिक गुलामी से मुक्ति का मार्ग शिक्षा है, उन्होने कहा कि "विद्या बिन मति गयी, मति बिन गई नीति, नीति बिन गति गई, गति बिन गया वित्त, वित्त बिन चरमराये लोग, एक अविद्या ने किये इतने अनर्थ" द्य ज्योतिबा ने प्रथम कन्या पाठशाला 1848 में शुरू कर अपने उद्देश्य को लोगों के सामने रखा, उस समय वह 20 वर्ष के थे, नारी और वंचित समाज की शिक्षा के प्रति प्रतिवद्ध हो सार्वजनिक जीवन में प्रवेश किया, पहली अध्यापिका सावित्री बाई फूले ने उनका भरपूर सहयोग किया, लेकिन प्रतिक्रिया वादी ताकतें इनके पिता को बहका, धार्मिक पाखंड की बातकर, नर्क का डर दिखा इन दोनों को घर से निकलवा दिया, लेकिन ज्योतिबा हिम्मत से काम ले, स्वयं निर्माण कार्य के व्यवसाय में लग गए, परिवार के खर्च के बाद जो भी धन बचता, वह शिक्षा और चिकित्सा पर समाज के लिए जीवन भर व्यय करते रहे, तथा सत्य शोधक समाज नामक संस्था संचालित किया, पाखंड, भ्रम, गुलामी, गरीबी, अशिक्षा को मिटाने का प्रयास किया, महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए तथा हर वर्ग की शिक्षा के लिए किसान, मजदूर की लड़ाई लड़ते हुए 27 नवंबर 1890 को उन्होने अंतिम सांस ली, उनके कार्य को आगे चलकर ड़ा0 भीमराव अंबेडकर ने पैनी धार दीद्य उसका परिणाम वंचित वर्ग सम्मान जनक, गौरव शाली जीवन स्वतन्त्रता पूर्वक जी रहा हैद्य आज 21वीं सदी में शिक्षा, चिकित्सा का स्तर गिरता जा रहा है, शिक्षा से समाज में भाईचारा, प्रेम, सहयोग की भावना बढ़नी चाहिए लेकिन अशांति, नफरत, द्वेष, अहंकार, असहिष्णुता बढ़ती जा रही है, इन महापुरुषों ने कभी सोचा न होगा, कि ऐसी स्थिति होगी, हमे पूरे मनोयोग से समरस और समावेशी समाज बनाने का संकल्प लेना चाहिए, यही इन महात्मा के प्रति आदर होगां।

लेखक —
राम दुलार यादव, शिक्षाविद
संस्थापक ६ अध्यक्ष
लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट

## आज का राशिफल

मेष राशि

आज आपका दिन ताजगी भरा रहेगा। किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आज ऑफिस में आपका कॉन्फिडेंस देखकर बॉस आपसे बहुत खुश होंगे।

वृष राशि–

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। हो सकता है कि शाम तक आपको शुभ समाचार मिलेंगे, घर में खुशी का माहौल बनेगा।

मिथुन राशि–

आज दिन आपके लिए शुभ फलदायक रहेगा। कई दिनों से आपकी तरक्की में आ रही रुकावटें आज दूर हो जाएगी। कार्यस्थल पर अधिकारियों का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

कर्क राशि–

आज आपका दिन मिला–जुला रहेगा। इस राशि के लोग आज जीवनसाथी के साथ किसी मूवी को देखने का प्लान बना सकते हैं। विद्यार्थियों को अधिक परिश्रम की आवश्यकता है।

सिंह राशि–

आज कार्यक्षेत्र में योग्यता साबित करने के लिए दिन शुभ है आपको थोड़ा संघर्ष करना पड़ सकता है फिर बड़ी कामयाबी मिलेगी।

कन्या राशि–

आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली साबित होगा। आज किसी विपरीत परिस्थिति से आप आसानी से बाहर निकल जाएंगे।

तुला राशि–

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका मन किसी पुराने मित्र से मिलने का करेगा।

वृश्चिक राशि–

आज आप अपने दिन की शुरुआत बहुत ही उत्साह से करेंगे वालों आज आपका ज्यादातर समय माता–पिता के साथ बीतेगा।

धनु राशि–

अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन शानदार है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र अपनी पढ़ाई जारी रखेंगे,जल्द ही सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

मकर राशि–

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। किसी धार्मिक समारोह में जाने का प्लान बना सकते हैं ,सोचे हुए काम पूरे हो सकते हैं। इस राशि के राजनीतिक नेताओं के लिए आज का दिन अच्छा है।

कुंभ राशि–

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिलेगा, जिसको आप किसी जरूरी काम में लगाएंगे।

मीन राशि–

आज आपका दिन मंगलकारी रहने वाला है। घर में विशेष मांगलिक कार्य का आयोजन होने के असार है।

# फार्मर आईडी (किसान पहचान पत्र) को विभार्गो द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए किया गया अनिवार्य -जिलाधिकारी

आजमगढ़ (आर एन एस)कृषि एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से भारत सरकार की ऐग्रीस्टैक योजना के अन्तर्गत प्रदेश में कृषकों के किसान पहचान पत्र (फार्मर आईडी) बनाए जा रहे हैं तथा वर्तमान में लगभग 75 प्रतिशत कृषकों के किसान पहचान पत्र तैयार किए जा चुके हैं। प्रदेश में शेष कृषकों के किसान पहचान पत्र तैयार किए जाने का कार्य भी शीर्ष प्राथमिकता पर किया जा रहा है तथा इस उद्देश्य से जनपद में 6 से 15 अप्रैल, 2026 तक कैम्प लगाकर किसान पहचान पत्र बनाने का अभियान चलाया जा रहा है।कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भविष्य में प्रदान की जाने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किश्तों को उन्हीं कृषकों को प्रदान किया जाएगा, जिनके किसान पहचान पत्र जारी किए गए हों। राज्य सरकार द्वारा भी इसी नीति का अनुसरण करते हुए कृषि विभाग एवं सहयोगी विभागों यथा उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, लघु सिंचाई इत्यादि की लाभार्थी परक योजनाओं का क्रियान्वयन किसान पहचान पत्र के आधार पर किए जाने का निर्णय लिया गया है।उपर्युक्त नीति के अनुसार जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रथम चरण में कृषि विभाग द्वारा अपनी लाभार्थी परक योजनाओं यथा उर्वरक, बीज, कीटनाशी एवं अन्य इनपुट के वितरण व लाभार्थियों के चयन में किसान पहचान पत्र को आधार बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त जनपद में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय किए जाने वाले कृषि उत्पाद (गेहूँ ६ धानध्दार्ले ६ सरसों इत्यादि) के क्रय के लिए किसान पहचान पत्र भी अनिवार्य रहेगा तथा क्रय केन्द्र पर कृषकों से खरीद से पूर्व उनके किसान पहचान पत्रों का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। तदोपरान्त द्वितीय चरण में अन्य विभागों द्वारा भी किसान पहचान पत्र के आधार लाभार्थी परक योजनाओं में चयन ६ लाभ वितरण की कार्यवाही की जाएगी।प्रदेश में अनुदानित रासायनिक उर्वरकों का वितरण कृषि विभाग द्वारा प्रदत्त आवण्टन के आधार पर सहकारिता विभाग द्वारा प्राथमिक सहकारी समितियो तथा निजी विक्रेताओं द्वारा किया जाता है। वर्तमान में उर्वरकों का वितरण पीओएस मशीनों के माध्यम से इंटीग्रेटेड फर्टिलाइजर मैनेजमेंट सिस्टम (आईएफएमएस) पोर्टल की सहायता से किया जाता है। माह मई, 2026 से यह वितरण किसान पहचान पत्र व फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही किया जाएगा और इसके लिए कृषि विभाग द्वारा भारत सरकार से समन्वय स्थापित कर आईएफएमएस पोर्टल को ऐग्रीस्टैक पोर्टल से जोड़कर अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।कृषि विभाग की समस्त लाभार्थी परक योजनाओं में किसान पहचान पत्र एवं फार्मर रजिस्ट्री की मदद से लाभार्थियों का चयन करने हेतु कृषि विभाग द्वारा अपने पोर्टल को 01 मई, 2026 तक तैयार कर लिया जाएगा।वखाद्य एवं रसद विभाग तथा कृषि विभाग द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाने वाली समस्त खरीद में तत्काल प्रभाव से किसान पहचान पत्र ६ फार्मर आई०डी० को अनिवार्य करते हुए मात्र उन्हीं कृषकों से खरीद की जाएगी, जिनके पास किसान पहचान पत्र होंगे।

# पुलिस के दुरुपयोग से की गई धोखाधड़ी का रुपया कराया वापस

आजमगढ़ (आर एन एस)रीना प्रजापति पुत्री स्व0 लालजी प्रजापति, निवासी अराजीबाग, थाना कोतवाली, जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना कोतवाली पर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनका एटीएम कार्ड प्राप्त कर पिन जनरेट कर लिया गया तथा उनके बैंक खाते से लगभग ध्3,25,000 की धनराशि निकाल ली गई थी। उक्त घटना की जानकारी आवेदिका को दिनांक 02.04.2026 को हुई। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना कोतवाली के साइबर प्रभारी एवं टीम द्वारा त्वरित जांच की गई। तकनीकी विश्लेषण में पाया गया कि आवेदिका के परिचित आशीष कुमार प्रजापति पुत्र रामशरीख प्रजापति निवासी ग्राम सठियांव थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ द्वारा एटीएम कार्ड प्राप्त कर मोबाइल से पिन जनरेट किया गया तथा ओटीपी के माध्यम से न्च्प् (फोनपे) आईडी बनाकर एटीएम व न्च्प् दोनों माध्यमों से विभिन्न किस्तों में कुल ध्3,25,000 की धनराशि निकाल ली गई।थाना कोतवाली की साइबर टीम द्वारा तत्परता व तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए नियमानुसार कार्यवाही कर पीड़िता की संपूर्ण फ्रॉड ६ ।नराशि ध्3,25,000 सफलतापूर्वक वापस कराई गई।अपराधी प्रायः व्ज्च्धपिन प्राप्त कर, फर्जी ज्ञल्ब अपडेट, न्च्प् रिक्वेस्ट, फत्‍ कोड स्कैन, ऑनलाइन खरीद–बिक्री, सोशल मीडिया हैकिंग व स्क्रीन शेयरिंग ऐप के माध्यम से लोगों को ठगते हैं।किसी भी व्यक्ति को व्ज्च्, च्प्छ, ब्टट साझा न करें, अनजान लिंकध्कॉल से सावधान रहें, फत्‍ कोड स्कैन सोच–समझकर करें,

केवल अधिकृत ऐपध्वेबसाइट का ही उपयोग करें तथा अपने बैंकिंग विवरण गोपनीय रखें।

# औषधि निरीक्षक द्वारा जाच के दौरान औषधि प्रतिष्ठानों पर पायी गयी कमियों के आधार पर 06 औषधि प्रतिष्ठानों को 10 दिन के लिए क्रय विक्रय पर लगायी रोक

आजमगढ़ (आर एन एस)औषधि निरीक्षक आजमगढ़ सीमा वर्मा द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में संचालित निम्न औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण औषधि निरीक्षक आजमगढ़ द्वारा किया गया था। जॉच के दौरान औषधि प्रतिष्ठानों पर पायी गयी कमियों के आधार पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी (विक्रय) आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़ के द्वारा माह मार्च–2026 में निम्नलिखित औषधि प्रतिष्ठानों का अनुज्ञप्ति निलम्बित किया गया है। 01. मेसर्स द चार्विक फार्मा, म0सं0–25, दलसिंगार नगर, सदर जनपद–आजमगढ़ 10 दिन के लिए। 02. मेसर्स श्री संकट मोचन फार्मास्यूटिकल्स, जीयनपुर, जनपद–आजमगढ़ को अग्रिम आदेश तक के लिए। 03. मेसर्स माँ सरस्वती मेडिकल एजेंसी, खसरा नं0–12, जगदीशपुर, जनपद–आजमगढ़ को अग्रिम आदेश तक के लिए। 04. मेसर्स ए टू जेड मेडिकल हाल, नियर सी0एच0सी0 परशुरामपुर, कलमोचीपुर, जमालपुर, जनपद–आजमगढ को अग्रिम आदेश तक के लिए। 05. मेसर्स ए0बी0 मेडिकल स्टोर, भरतपुर खुर्द, अतरौलिया, जनपद–आजमगढ़ को अग्रिम आदेश तक के लिए। 06. मेसर्स भागीरथी फार्मेसी, 907 लाल डिग्गी, बंधा रोड, एलवल, सदर, जनपद–आजमगढ को 10 दिन के लिए क्रय विक्रय पर रोक लगाते हुए निलम्बित किया गया है।

# कृषि मंत्री,ऊर्जा मंत्री,खेल एवं युवा कल्याण मंत्री,आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि

आजमगढ़ (आर एन एस) मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग, सूर्य प्रताप शाही, मा0 ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा, मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण उ0प्र0 गिरीश चन्द्र यादव, राज्यमंत्री, आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ0 दयाशंकर मिश्र दयालु, मा0 कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान एवं अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा जनपद आजमगढ़ के ग्राम बड़सरा खालसा पहुंचकर सदस्य विधान परिषद विजय बहादुर पाठक के पिता राधेश्याम पाठक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। कृषि मंत्री, ऊर्जा मंत्री, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण, आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री, कारागार मंत्री व अन्य द्वारा दिवंगत के पार्थिव चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और उन्हें इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आजमगढ ध्रुव सिंह, जिलाध्यक्ष लालगंज विनोद राजभर सहित अन्य जन प्रतिनिधियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि व्यक्त किया।

# मारपीट करने व जान से मारने की धमकी का आरोपी लाठी के साथ गिरफ्तार

आजमगढ़ (आर एन एस) अतरौलिया थाना अंतर्गत मनियारपुर गांव निवासी सुभाषचन्द्र पुत्र बुद्धूराम द्वारा तहरीर दी गई कि विपक्षीयों द्वारा लकड़ी फेंकने के विवाद को लेकर एक राय होकर वादी, उसकी माँ व बहन के साथ भद्दी गाली–गलौज करते हुए लाठी–डण्डों से मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त तहरीर के आधार पर थाना अतरौलिया पर मु0अ0सं0 137ध्26 धारा 109(1), 115(2), 352, 351(3) बीएनएस बनाम 01. राजेश कुमार पुत्र वंशराज 02. वंशराज पुत्र स्व0 सोमईराम 03. रूपावती देवी पत्नी राजेश कुमार निवासीगण मनियारपुर थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 09.04.2026 को उ0नि0 मनोज कुमार यादव मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर अचलीपुर लिंक मार्ग से अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र वंशराज निवासी ग्राम मनियारपुर थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़ उम्र लगभग 35 वर्ष को समय करीब 09रू35 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद लाठी ग्राम मनियारपुर स्थित गेहूं के खेत से बरामद की गई। अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा द्वारा वार्ड 83 में सड़क निर्माण कार्य का भव्य शुभारंभ

आज वार्ड 83 के श्याम पार्क एक्सटेंशन के ए–ब्लॉक में ।–19 से लेकर ठ–6 तक जी.टी. रोड के किनारे स्थित ए–ब्लॉक एवं बी–ब्लॉक की महत्वपूर्ण सर्विस रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ साहिबाबाद के लोकप्रिय विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा द्वारा विधिवत नारियल फोड़कर किया गया। यह कार्यक्रम वार्ड 83 की लोकप्रिय पार्षद कविता प्रवीन भाटी के सौजन्य से संपन्न हुआ।

उक्त सड़क काफी लंबे समय से जर्जर अवस्था में थी, जिससे क्षेत्रवासियों, राहगीरों एवं मरीजों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इस मार्ग पर डॉ. नरेश कपूर का साहिबाबाद मेडिकेयर सेंटर, डॉ. डी.के. गुप्ता एवं डॉ.सरिता गुप्ता का मेडिकल क्लिनिक, सरकारी डिस्पेंसरी के साथ–साथ अनेक आवासीय घर स्थित हैं। सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने से अब स्थानीय निवासियों एवं मरीजों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी।

पार्षद कविता प्रवीन भाटी के अथक प्रयासों, निरंतर जनसंपर्क एवं क्षेत्र के विकास के प्रति समर्पण के परिणामस्वरूप इस महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण कार्य संभव हो पाया है। इस विकास कार्य से क्षेत्र के हजारों नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा तथा वार्ड 83 में आधारभूत सुविधाओं को और मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर अशोक गुप्ता आटेवाले, आर.के. जिंदल, सुनील कुमार, प्रमोद सिंघल, डॉ. अनिल शर्मा, पं. गिरधारी लाल शास्त्री, एस.डी. शर्मा, राजीव निझावन, राजीव भसीन, विकास चुघ, सुनील माहेश्वरी, रामासरे चौधरी, नरेंद्र चौधरी, एम.एल. गोस्वामी, सुरेंद्र चौधरी, विवेक शर्मा, कुलदीप चौहान, मदनपाल शर्मा, वी.के. शर्मा, पं. विनोद त्रिपाठी, अमन शर्मा, मदन मास्टर, विनोद निझावन, कर्मवीर नागर, बी.डी. शर्मा, मैनपाल भाटी, बब्लू, आचार्य गिरीष गोस्वामी, शरद माथुर, श्रीनाथ, वीर सिंह चौधरी, राजू, इंद्र शर्मा, सौरभ चौधरी, प्रथम शर्मा, आकाश चौधरी, गोल्डी चौधरी, विनय चौधरी, गिरी, राधेश्याम, पवन रेड्डी, अमित आहूजा, मदन राय, बी. के. श्रीवास्तव प्रवीन भाटी सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, स्थानीय निवासी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने कैबिनेट मंत्री एवं पार्षद का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के निरंतर विकास की कामना की।



# उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का आजमगढ़ दौरा, पीएचसी कोइनहा का किया निरीक्षण

आजमगढ़,(आर एन एस) उप मुख्यमंत्री उ०प्र० ब्रजेश पाठक जी का जनपद आजमगढ़ भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत बड़सरा खालसा, पो०–कोइनहा, थाना कप्तानगंज स्थित हेलीपैड पर आगमन हुआ। तत्पश्चात उन्होंने मा० मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग सूर्य प्रताप शाही के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कोइनहा का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जन स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की गुणवत्ता, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, साफ–सफाई तथा मरीजों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक नागरिक को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## पैथोलाजी, महिला वार्ड एवं विभिन्न कक्षों का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने पैथोलॉजी कक्ष में जांच प्रक्रिया, कम्पलीट रिपोर्ट कार्ड, जांच पंजिका आदि का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने महिला वार्ड, इंजेक्शन कक्ष, ड्रेसिंग कक्ष एवं सामान्य वार्ड सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को समर्पण भाव के साथ जनहित में कार्य करने का निर्देश दिया।इस दौरान गैलरी में कुर्सी पर बैठे मरीजोंकृखांसी से पीड़ित मीरा देवी, दर्द से पीड़ित श्याम कली, अजय तथा लालचंद यादव आदि से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

## राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय का भी किया निरीक्षण,ओपीडी पंजिका का अवलोकन

पीएचसी परिसर में स्थित राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए मा० उप मुख्यमंत्री ने ओपीडी पंजिका का अवलोकन किया तथा प्रभारी अधीक्षक डॉ० लालमन को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।पीएचसी एवं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में पर्याप्त साफ–सफाई, आधारभूत सुविधाएं तथा बेहतर चिकित्सा व्यवस्था पाए जाने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० ननकू राम वर्मा को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करते हुए निर्देश दिया कि पीएचसी कोइनहा की तर्ज पर जनपद के सभी सीएचसीध्पीएचसी, जिला एवं मण्डलीय चिकित्सालयों का दो माह के भीतर मेंटीनेंस कर उन्हें बेहतर बनाया जाए, जिससे सरकार की मंशा के अनुरूप जनपदवासियों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि अस्पतालों के मेंटीनेंस हेतु धनराशि की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

## जनपद में जल्द होगी न्यूरो सर्जन की नियुक्ति, प्रदेश में संचालित हैं 81 मेडिकल कालेज

प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जनपद में शीघ्र ही न्यूरो सर्जन की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं और प्रदेश सरकार नागरिकों को उत्तम चिकित्सकीय सुविधा, स्वास्थ्य जांच तथा निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एमएलसी विजय बहादुर पाठक के पिता के निधन पर उनके आवास पहुंचकर अर्पित की श्रद्धांजलि उप मुख्यमंत्री ने जनपद आजमगढ़ के ग्राम बडसरा खालसा पहुंचकर सदस्य विधान परिषद विजय बहादुर पाठक के पिता राधेश्याम पाठक जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।.उप मुख्यमंत्री ने दिवंगत के पार्थिव चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और उन्हें इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि माता–पिता का साया जीवन में अमूल्य होता है और उनका निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दें।इस दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ० अनिल कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, अपर जिलाधिकारी (वि०ध्रा०) गम्भीर सिंह, उप जिलाधिकारी संत रंजन,उपजिलाधिकारी बूढ़नपुर अभय राज पांडेय सहित अन्य अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।


# फार्मर आईडी (किसान पहचान पत्र) को विभार्गो द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए किया गया अनिवार्य -जिलाधिकारी

आजमगढ़ (आर एन एस)कृषि एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से भारत सरकार की ऐग्रीस्टैक योजना के अन्तर्गत प्रदेश में कृषकों के किसान पहचान पत्र (फार्मर आईडी) बनाए जा रहे हैं तथा वर्तमान में लगभग 75 प्रतिशत कृषकों के किसान पहचान पत्र तैयार किए जा चुके हैं। प्रदेश में शेष कृषकों के किसान पहचान पत्र तैयार किए जाने का कार्य भी शीर्ष प्राथमिकता पर किया जा रहा है तथा इस उद्देश्य से जनपद में 6 से 15 अप्रैल, 2026 तक कैम्प लगाकर किसान पहचान पत्र बनाने का अभियान चलाया जा रहा है।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भविष्य में प्रदान की जाने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किश्तों को उन्हीं कृषकों को प्रदान किया जाएगा, जिनके किसान पहचान पत्र जारी किए गए हों। राज्य सरकार द्वारा भी इसी नीति का अनुसरण करते हुए कृषि विभाग एवं सहयोगी विभागों यथा उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, लघु सिंचाई इत्यादि की लाभार्थी परक योजनाओं का क्रियान्वयन किसान पहचान पत्र के आधार पर किए जाने का निर्णय लिया गया है।

उपर्युक्त नीति के अनुसार जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रथम चरण में कृषि विभाग द्वारा अपनी लाभार्थी परक योजनाओं यथा उर्वरक, बीज, कीटनाशी एवं अन्य इनपुट के वितरण व लाभार्थियों के चयन में किसान पहचान पत्र को आधार बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त जनपद में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय किए जाने वाले कृषि उत्पाद (गेहूँ ६ धानध्दार्ले ६ सरसों इत्यादि) के क्रय के लिए किसान पहचान पत्र भी अनिवार्य रहेगा तथा क्रय केन्द्र पर कृषकों से खरीद से पूर्व उनके किसान पहचान पत्रों का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। तदोपरान्त द्वितीय चरण में अन्य विभागों द्वारा भी किसान पहचान पत्र के आधार लाभार्थी परक योजनाओं में चयन ६ लाभ वितरण की कार्यवाही की जाएगी।

प्रदेश में अनुदानित रासायनिक उर्वरकों का वितरण कृषि विभाग द्वारा प्रदत्त आवण्टन के आधार पर सहकारिता विभाग द्वारा प्राथमिक सहकारी समितियो तथा निजी विक्रेताओं द्वारा किया जाता है। वर्तमान में उर्वरकों का वितरण पीओएस मशीनों के माध्यम से इंटीग्रेटेड फर्टिलाइजर मैनेजमेंट सिस्टम (आईएफएमएस) पोर्टल की सहायता से किया जाता है। माह मई, 2026 से यह वितरण किसान पहचान पत्र व फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही किया जाएगा और इसके लिए कृषि विभाग द्वारा भारत सरकार से समन्वय स्थापित कर आईएफएमएस पोर्टल को ऐग्रीस्टैक पोर्टल से जोड़कर अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

कृषि विभाग की समस्त लाभार्थी परक योजनाओं में किसान पहचान पत्र एवं फार्मर रजिस्ट्री की मदद से लाभार्थियों का चयन करने हेतु कृषि विभाग द्वारा अपने पोर्टल को 01 मई, 2026 तक तैयार कर लिया जाएगा।

खाद्य एवं रसद विभाग तथा कृषि विभाग द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाने वाली समस्त खरीद में तत्काल प्रभाव से किसान पहचान पत्र ६ फार्मर आई०डी० को अनिवार्य करते हुए मात्र उन्हीं कृषकों से खरीद की जाएगी, जिनके पास किसान पहचान पत्र होंगे।


# निर्माण कार्य में विलंब करने पर कार्यदाई संस्था से वसूला जाएगा जुर्माना

अयोध्या। नगर निगम से जुड़े निर्माण कार्य में विलंब करने वाली कार्यदाई संस्थाओं पर नगर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने निर्माण कार्य में एक माह से अधिक विलंब करने वाली एजेंसी से जुर्माना वसूलने की प्रक्रिया शुरू करने का स्पष्ट निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन के हिसाब से कार्यदाई संस्थाओं से जुर्माना वसूला जाए। यदि इसके बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं होता है तो संस्था को काली सूची में डाल दिया जाए।वह नगर निगम कार्यालय में विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने की। इस दौरान अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ समन शुल्क की वसूली को अपर्याप्त बताते हुए प्रवर्तन दल के प्रभारी को पत्र लिखने का निर्देश नगर आयुक्त ने दिया। बीते वर्ष प्रवर्तन दल ने 2.20 लाख रुपये समन शुल्क की वसूली की गई है, जबकि प्रतिबंधित पॉलिथीन का प्रयोग एवं बिक्री करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियानमें 11 लाख रुपये कर के रूप में प्राप्त हुए हैं। समीक्षा बैठक के दौरान आर्य मंदिर चौक के पास से हटाई गई अवैध प्लाटिंग पर पार्किंग बनवाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान महापौर ने भवन, सड़क, नाली एवं अन्य संपत्तियों के अनुरक्षण पर खर्च की जाने वाली धनराशि को बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने पार्कों के रखरखाव के लिए कर्मचारियों की तैनाती करने तथा खुले बाजार को विकसित करने के लिए रेलिंग लगाने, जल निकासी एवं सफाई की सुविधा सुनिश्चित कराने, कूड़ादान रखवाने के साथ ही परिसंपत्तियों के रखरखाव पर आवश्यक धनराशि खर्च करने का निर्देश दिया। बैठक में दुकानों का किराया रिवाइज करने, नगर निगम की संपत्तियों का चिह्नीकरण करने के लिए अभियान चलाने एवं संपत्ति रजिस्टर को अपडेट करने की आवश्यकता जताई गई। समीक्षा बैठक में अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरएम शुक्ल, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार, सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडेय, सहायक अभियंता निर्माण राजपति यादव एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। इसके अलावां गुरूवार को नगर आयुक्त, जयेन्द्र–कुमार द्वारा नगर निगम अयोध्या के विद्युत यांत्रिकी अनुभाग के स्टोर रूम का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टोर में उपलब्ध विद्युत उपकरणों एवं सामग्रियों की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था तथा अभिलेखों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी सामग्रियों का उचित वर्गीकरण, सुरक्षित भंडारण एवं नियमित अद्यतन अभिलेखीकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे कार्यों के निष्पादन में तत्परता बनी रहे।

# गैंगरेप के दोनों आरोपियों को किया गया बरी

अयोध्या। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र में युवती के साथ गैंगरेप करने एवं फोन से वीडियो बनाकर जान से मारने की धमकी देने के बहुचर्चित मामले में आरोपितों वेद प्रकाश व राम भवन पर अपराध साबित न होने पर गुरूवार को बरी हो गये। यह फैसला विशेष न्यायाधीश फास्ट ट्रैक प्रथम प्रदीप कुमार सिंह ने बचाव व अभियोजन पक्ष के तर्कों एवं गवाहों के बयान पर सुनवाई के पश्चात दिया है। यह घटना बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 6 साल पूर्व की है। बचाव पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता सुधाकांत त्रिपाठी व गोविंद तिवारी ने आरोपित पक्ष से पैरवी किया। तर्क दिया कि दोनों निर्दोष हैं प्रथम सूचना रिपोर्ट विलम्ब से दर्ज करायी गयी है। रेप का मुकदमा होने के 6 माह बाद भी पीड़िता ने कहीं शिकायत नहीं किया। घटना स्थल कोई सूनसान स्थान की बतायी जाती है जिसमे समय सीमा का घटना में उल्लेख नहीं है। वहां लोगों का आवागमन हर समय बना रहता है। मुकदमा दूसरे के कहने पर लिखाया गया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 1 नवम्बर 2020 को एक गांव की 20 वर्षीय युवती को पकड़कर गांव के बाग में ले जाकर गैंगरेप किया इसके बाद फोन से उसका वीडियो बना लिया गया। इसके बाद उसे डराया धमकाया गया कि किसी से इस बारे में बताओगी तो जान से मार देंगे। कुछ दिन बाद यह मुकदमा पीड़िता के भाई की तहरीर पर बीकापुर कोतवाली में राम भवन व वेद प्रकाश के विरूद्ध अपराध संख्या 655ध्2020 अन्तर्गत धारा 376 डी व 506 के तहत दर्ज कराया गया। विवेचना के पश्चात विवेचक ने दोनों आरोपियों के खिलाफ गैंग रेप की धारा में आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां सुनवाई के पश्चात 24 दिसम्बर को दोनों आरोपियों के विरूद्ध आरोप पत्र कोर्ट में बनाया गया। अभियोजन पक्ष से पीड़िता समेत आधा दर्जन गवाह पेश किये गये।

# मिल्कीपुर सर्किल की दो पुलिस चौकियों पर प्रभारी नहीं

–संबंधित थानों के भरोसे चल रहा कामकाज, व्यवस्था पर दबाव

मिल्कीपुर–अयोध्या । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर द्वारा किए जा रहे प्रशासनिक फेरबदल के बावजूद, मिल्कीपुर सर्किल की दो महत्वपूर्ण पुलिस चौकियां अभी भी स्थायी प्रभारी से वंचित हैं। क्षेत्राधिकारियों से लेकर प्रभारी निरीक्षकों और थानाध्यक्षों तक के तबादले हो चुके हैं, लेकिन चौकी स्तर पर यह व्यवस्था अधूरी बनी हुई है। यह मामला थाना कोतवाली इनायतनगर क्षेत्र की बारून बाजार पुलिस चौकी और थाना कुमारगंज के अंतर्गत कृषि विश्वविद्यालय परिसर चौकी से संबंधित है। जानकारी के अनुसार, बारून बाजार चौकी पर तैनात उपनिरीक्षक यदुनाथ यादव को सरकारी कार्यों में लापरवाही के आरोप में एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया था। इसी तरह, कृषि विश्वविद्यालय परिसर चौकी के प्रभारी हरिशंकर राय को भी उनके पद से हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया था। दोनों उपनिरीक्षकों के हटने के बाद से इन चौकियों पर नए प्रभारी की तैनाती नहीं की गई है। इसके परिणामस्वरूप, चौकी से जुड़े सभी प्रशासनिक और कानून–व्यवस्था के कार्य फिलहाल संबंधित थानों के माध्यम से संचालित किए जा रहे हैं।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम में प्रेरणादायी महिलाओं का हुआ सम्मान

अयोध्या। मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के द्वितीय फेज के अंतर्गत पुलिस लाइंस सभागार में गुरूवार को प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओं के उत्थान के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जा रहा है। इस दौरान पीसीएस व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित सोनम यादव, अनामिका मिश्रा, स्नेहिल श्रीवास्तव, सुप्रिया यादव, साक्षी पटेल व अंशिका पाठक को सम्मानित किया गया।

# आईपीएल 2026 लखनऊ सुपर जाएंट्स को लगा बड़ा झटका, ये स्टार खिलाड़ी पूरे सीजन से हुआ बाहर


टॉम मूडी ने फैंस को बुरी खबर दी है। मूडी ने बताया कि श्रीलंका के स्टार स्पिनर वानिंदु हसारंगा आईपीएल 2026 के पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। मूडी ने हसारंगा को दो करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया था। चोट के कारण वह टीम से बाहर हो गए हैं। लखनऊ सुपर जाएंट्स अभी रोमांचक जीत का जश्न पूरी तरीके से मना भी नहीं पाई थी कि टीम को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, टीम का स्टार स्पिनर पूरे सीजन से बाहर हो गया है। लखनऊ ने गुरुवार को केकेआर को मात दी थी। लखनऊ ने ये मैच कोलकाता के मुंह से छीना था। इस दौरान मुकुल चौधरी ने टीम के लिए तूफानी पारी खेली थी।लखनऊ डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट टॉम मूडी ने फैंस को बुरी खबर दी है। मूडी ने बताया कि श्रीलंका के स्टार स्पिनर वानिंदु हसारंगा आईपीएल 2026 के पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। मूडी ने हसारंगा को दो करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया था। चोट के कारण वह टीम से बाहर हो गए हैं। मूडी ने कहा कि, हम इस बात के लिए तैयार हैं कि वह हमारे साथ जुड़ नहीं पाएंगे। हम उनके रिप्लेसमेंट के बारे में विचार कर रहे हैं और अगर 24–48 घंटे में इसका ऐलान कर देंगे। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, साथउ अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे हसारंगा की जगह ले सकते



हैं। अगर वह आते हैं तो ये उनका पहला आईपीएल होगा। वह अभी तक इसस लीग में नहीं खेले हैं। जॉर्ज लिंडे ने अभई तक अपने करियर में 37 टी20 खेले हैं और 35 विकेट अपने नाम किए हैं। लिंडे ने अपना आखिरी टी20 मैच न्यूजीलैंड दौरे पर खेला था जहां उन्होंने चार पारियों में एक विकेट लिया था। टी20 वर्ल्ड कप में भी वह टीम का हिस्सा थे। वह दुनिया की अलग–अलग क्रिकेट लीगों में हिस्सा लेते रहे हैं।

# बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में रायल्स और चौलेंजर्स की भिड़ंत, जानें कैसा रहेगा पिच का मिजाज

आईपीएल 2026 का 16वां मुकाबला आज यानी 10 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में खेला जाना है। ये दोनों ही टीमें इस टूर्नामेंट में अभी तक अजेय रही है।राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल 2026 का 16वां मुकाबला आज यानी 10 अप्रैल को गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में खेला जाना है। ये दोनों ही टीमें इस टूर्नामेंट में अभी तक अजेय रही है। जहां रॉयल्स की टीम ने तीन मैच जीते हैं तो आरसीबी को अभी तक दो ही मुकाबले खेलने का मौका मिला है। जो भी टीम आज हारेगी उसका पॉइंट टेबल पर असर देखने को मिलेगा। आईपीएल बरसापारा स्टेडियम की ज्यादातर पिचों की तरह, ये भी बल्लेबाजी के लिए अच्छी विकेट है और यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी दोनों ने अपनी बैटिंग से ये दिखाया है। आरसीबी के बैटिंग लाइन–अप में भी कुछ जबरदस्त हिटर हैं जो हालात का पूरा फायदा उठा सकते हैं। आज सुबह की बारिश की वजह से पिच में नमी हो सकती है ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम पहले फील्डिंग चुन सकती है। इस मैदान पर आज तक आईपीएल में एक पारी में 200 रन नहीं बने हैं। बरसापारा स्टेडियम आईपीएल रिकॉर्डमैच– 8पहले बल्लेबाजी करते हुए जीत गेए मैच– 4टारगेट का पीछा करते हुए जीते गए मैच–



3टॉस जीतकर जीते गए मैच– 2टॉस हारकर जीते गए मैच– 5बिना रिजल्ट वाले मैच– 1हाईएस्ट स्कोर– 199ध्4ोएस्ट स्कोर– 127एवरेज रन पर विकेट– 25.10एवरेज स्कोर पहले बल्लेबाजी करते हुए– 143.75मौसम का मिजाज गुवाहाटी में शुक्रवार को बारिश की उम्मीद है लेकिन गेम शुरू होने तक मौसम साफ हो जाएगा। एक्यूवेदर के अनुसार, शहर में दोपहर 2–3 बजे तक बारिश होने के आसार हैं गेम के समय मौसम साफ रहने की संभावना है और मैच के समय 3 परसेंट बारिश का अनुमान भी है।

# आईपीएल 2026 में तूफान मचाने के बाद मुकुल चौधरी का बयान, कहा- पिता का सपना पूरा करने की खुशी

लखनऊ सुपर जायंट्स के बल्लेबाज मुकुल चौधरी ने कहा कि उन्हें क्रिकेट बनाकर अपने पिता का सपना पूरा करने की खुशी है। चौधरी की दबाव में खेली गई इस पारी की बदौलत एलएसजी ने रोमांचक मुकाबले में केकेआर को तीन विकेट से हराया। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 27 गेंदों में 54 रन की बेखौफ नाबाद पारी खेलने वाले लखनऊ सुपर जायंट्स के बल्लेबाज मुकुल चौधरी ने कहा कि उन्हें क्रिकेट बनाकर अपने पिता का सपना पूरा करने की खुशी है। चौधरी की दबाव में खेली गई इस पारी की बदौलत एलएसजी ने रोमांचक मुकाबले में केकेआर को तीन विकेट से हराया।उन्होंने अपनी पारी में सात छक्के और दो चौके लगाए और आठवें विकेट के लिए आवेश खान के साथ 54 रन की अटूट साझेदारी की, जिसमें आवेश का योगदान सिर्फ एक रन का था। राजस्थान के इस खिलाड़ी ने प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार लेने के बाद कहा, "मेरा सफर वास्तव में मेरे जन्म से पहले ही शुरू हो गया था। मेरे पिता का सपना था कि उनका बेटा एक दिन क्रिकेट खेले। उस समय हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं थी, इसलिए मैं जल्दी शुरू नहीं कर सका। मैंने लगभग 12–13 साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया।''उन्होंने कहा, '' उस समय ज्यादा अकादमियां नहीं थीं। मेरे घर के पासएसबीसी क्रिकेट अकादमी नाम की नई अकादमी खुली थी, और मैंने वहां लगभग पांच–छह साल प्रशिक्षण लिया। उसके बाद मैं जयपुर चला गया, क्योंकि अगर आप उच्च स्तर पर खेलना चाहते हैं तो आगे बढ़ना पड़ता है। पिछले चार साल से मैं जयपुर में प्रैक्टिस कर रहा हूँ।"चौधरी ने बताया, "मैं उत्तर प्रदेश के खिलाफ अंडर–19 का मैच खेल रहा था और मैंने कम स्कोर वाले मैच में रन बनाए थे। तभी मेरे पिता को लगा कि मैं बड़ा क्रिकेटर बन सकता हूं। वह मेरा केवल दूसरा ही मैच था।" बल्लेबाजी के दौरान दबाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, "दबाव हमेशा रहता है। लेकिन मैं सोचता




हूं कि भगवान ने मुझे यह अवसर दिया है, इसलिए मैं अपनी क्षमता पर भरोसा करता हूं। यह मौका है जहां आप कुछ बड़ा कर सकते हैं या नाम कमा सकते हैं। इसलिए मैं दबाव की बजाय अवसर पर ध्यान देता हूं। मैं आखिरी गेंद तक खेलना चाहता था। मुझे अपने ऊपर इतना भरोसा है कि अगर मैं अंत तक नाबाद रहूंगा, तो टीम को जीत दिला सकता हूं।" अपनी पारी में सात छक्के लगाने वाले चौधरी ने अपने पहले छक्के को बेहद खास बताया। उन्होंने कहा, "मैंने दो मैचों से छक्का नहीं लगाया था, इसलिए आज जो पहला छक्का लगाया, वह मेरे लिए खास था। हेलीकॉप्टर छक्का भी अच्छा था, लेकिन पहला छक्का सबसे खास रहा। मैंने सोचा था कि भले ही गेंदबाज चार परफेक्ट गेंदें डालें, कम से कम एक ऐसी गेंद होगी जिस पर मैं मैच का छक्का मार सकता हूं।

# बाबर आजम का टी20 क्रिकेट में बड़ा रिकॉर्ड, इस मामले में क्रिस गेल और कोहली को पछाड़ा

बाबर आजम ने गुरुवार को टी20 क्रिकेट में एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। पाकिस्तान सुपर लीग 2026 में पेशावर जल्मी और कराची किंग्स के बीच खेले गए मुकाबले में 31 वर्षीय बाबर ने 51 गेंद में ताबड़तोड़ 87 रन बनाए। इसी के साथ वे टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 12 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम ने गुरुवार को टी20 क्रिकेट में एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। पाकिस्तान सुपर लीग 2026 में पेशावर जल्मी और कराची किंग्स के बीच खेले गए मुकाबले में 31 वर्षीय बाबर ने 51 गेंद में ताबड़तोड़ 87 रन बनाए। इसी के साथ वे टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 12 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। बाबर ने ये कारनामा 338 पारियों में किया, जबकि इससे पहले ये रिकॉर्ड वेस्ट इंडीज के दिग्गज क्रिस गेल के नाम था। गेल ने 343 पारियों में ये मुकाम हासिल किया था। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली 360 पारियों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को 368




और जोस बटलर को 405 पारियां लगी थीं। रिकॉर्ड बनाने के दिन बाबर का बल्ला भी जमकर बोला। उन्होंने नाबाद 87 रन की पारी खेली और नंबर तीन पर आए कुसल मेंडिस के साथ 191 रनों की साझेदारी की। इस जोड़ी की बदौलत पेशावर ने 20 ओवरों में 246 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया और कराची को हराकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई।

# ये खिलाड़ी है मुकुल चौधरी का रोल मश्डल, कहा- मैं उनकी तरह फिनिशर बनना चाहता हूं

मुकुल चौधरी ने 27 गेंदों में 54 रनों की नाबाद पारी खेलकर लखनऊ को जीत दिलाई। अपनी पारी के दौरान उन्होंने 7 छक्के और 2 चौके भी जड़े। उनकी पारी इतनी बेहतरीन रही कि, 8वें विकेट के लिए लिए उन्होंने आवेश खान के साथ मिलकर 54 रन की अटूट साझेदारी निभाई। इस दौरान आवेश खान का योगदान महज 1 रन का था। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। कोलकाता नाइट राइजर्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जाएंट्स ने यादगार जीत हासिल की। इस जीत में अहम योगदान मुकुल चौधरी का था जिनकी अब हर जगह चर्चा हो रही है। मुकुल चौधरी ने 27 गेंदों में 54 रनों की नाबाद पारी खेलकर लखनऊ को जीत दिलाई। अपनी पारी के दौरान उन्होंने 7 छक्के और 2 चौके भी जड़े। उनकी पारी इतनी बेहतरीन रही कि, 8वें विकेट के लिए लिए उन्होंने आवेश खान के साथ मिलकर 54 रन की अटूट साझेदारी निभाई। इस दौरान आवेश खान का योगदान महज 1 रन का था। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। मुकुल चौधरी एक बेहतरीन फिनिशर बनना चाहते हैं और वह दिग्गज



एमएस धोनी को अपना आइडिल मानते हैं। केकेआर के खिलाफ मैच में मुकुल चौधरी ने जिस तरीके से मैच फिनिश किया वो बताता है कि वह अपने आदर्श को कितना फॉलो करते हैं। वहीं मुकुल चौधरी ने इससे पहले जियो हॉटस्टार पर खुलासा किया था कि महेंद्र सिंह धोनी उनके लिए सबसे बड़ी प्रेरणा हैं। मुकुल ने कहा था कि मैं हमेशा एमएस धोनी सर को ही देखता हूं। क्योंकि मैं खुद भी विकेटकीपर था। उनका हेलिकॉप्टर शॉट मुझे बहुत पसंद है, खासकर 2011 के वर्ल्ड कप में जो उन्होंने खेला। वही सब याद रहता है। वो मेरे रोल मॉडल हैं मैं भी उनकी तरह फिनिशर बनना चाहता हूं। गेम खत्म करना चाहता हूं। खास बात ये है कि केकेआर के खिलाफ मैच में मुकुल चौधरी ने हेलिकॉप्टर शॉट से छक्का भी लगाया जो एमएस धोनी की पहचान रही है। अपनी पारी में 7 छक्के जड़ने वाले मुकुल ने मैच के बाद प्रजेंटेशन के दौरान बताया कि उनका पहला छक्का खास था। इस दौरान उन्होंने कहा कि, मैंने दो मैचों में छक्का नहीं लगाया था, इसलिए आज जो पहला छक्का लगाया, वह मेरे लिए खास था।

हेलिकॉप्टर छक्का भी अच्छा था, लेकिन पहला सिक्स सबसे खास रहा।

# आपीएल में केकेआर की हालत पस्त, हार के बाद रोवमैन पश्वेल ने अंपायर-पिच पर फोड़ा ठीकरा

कोलकाता नाइट राइडर्स के रोवमैन पॉवेल ने लखनऊ के खिलाफ हार के लिए अंपायरों के विवादास्पद फैसले और ईडन गार्डन्स की धीमी पिच को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने फिन एलन के कैच पर तीसरे अंपायर की मदद न लेने को एक श्गलतीश बताया, जिसने मैच का रुख प्रभावित किया। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाड़ी रोवमैन पॉवेल ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान अंपायरों की 'गलती' की आलोचना की और अपनी टीम की करीबी हार के लिए ईडन गार्डन्स की धीमी पिच को जिम्मेदार ठहराया। एलएसजी का स्कोर 16 ओवर के बाद सात विकेट पर 127 रन था लेकिन उसने युवा बल्लेबाज मुकुल चौधरी की नाबाद 54 रन की पारी की मदद से तीन विकेट से जीत हासिल की। पॉवेल ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''आप ईडन गार्डन्स को अपना गढ़ बनाना चाहते हैं। यह आपका घरेलू मैदान है और दर्शकों का समर्थन आपको मिलता है। घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा उठाना अच्छा लगता है लेकिन इस युवा खिलाड़ी (मुकुल) को श्रेय जाता है। उन्होंने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की।''केकेआर को चार मैच में एक भी जीत नहीं मिली है। इनमें से तीन मैच उसने अपने घरेलू मैदान पर खेले हैं। एलएसजी के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए अच्छी शुरुआत के बावजूद वह चार विकेट पर 181 रन ही बना पाया। इस मैच में उसके सलामी बल्लेबाज फिन एलन (09) विवादास्पद तरीके से आउट हो गए। एलन के बल्ले का ऊपरी किनारा लेकर गई गेंद को डीप थर्ड मैन की सीमा रेखा पर खड़े दिगवेश राठी ने कैच कर लिया। रीप्ले से पता चला कि उनके पैर की उंगलियां बाउंड्री को छू गई थीं। लेकिन मैदानी अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक (दक्षिण अफ्रीका) और अक्षय टोत्रे (भारत) ने तीसरे अंपायर का सहारा नहीं



लिया और इस कैच को क्लीन करार दिया। पॉवेल ने कहा, ''बिल्कुल और भी पहलुओं पर गौर किया जाना चाहिए था। जब वह मैदान से बाहर आया तो हमने इस बारे में बात की थी। हमने आईपीएल में देखा है कि अंपायर इससे भी छोटी–छोटी चीजों के लिए तीसरे अंपायर की मदद लेते रहे हैं।''उन्होंने कहा, ''हो सकता है कि यह उनकी तरफ से एक गलती थी, लेकिन हम इसकी जांच नहीं करने जा रहे हैं और यह नहीं कहेंगे कि इसी वजह से आज रात हमें दो अंक गंवाने पड़े।'' पॉवेल ने कहा कि इस पिच पर स्ट्रोक लगाना इतना आसान नहीं है। उन्होंने कहा, ''यह ईडन गार्डन्स के उस पारंपरिक विकेट जैसा नहीं था जहां आप क्रीज पर उतरकर ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर देते हैं। यह 220 रन वाला विकेट नहीं था। गेंदबाजों को थोड़ी मदद मिल रही थी, विशेषकर जब उन्होंने धीमी गेंदों का इस्तेमाल किया।'' केकेआर का अब चार मैचों में सिर्फ एक अंक है, जो उसे सोमवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ बारिश के कारण रद्द किए गए मैच से मिला था, लेकिन पॉवेल को स्थिति में सुधार की उम्मीद है।

# सोने का भाव 1000 टूटा, चांदी की चमक भी फीकी

एमसीएक्स पर, अगस्त 2026 के लिए सोने के वायदा भाव 704 रुपये या 0.45 प्रतिशत गिरकर 1,106 लॉट के कारोबार में 1,55,298 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहे थे। अमेरिका ईरान संघर्ष विराम को लेकर चिंताएँ बनी रहने के बीच, प्रॉफिट बुकिंग के चलते फ्यूचर्स में कीमती धातुओं की दरें गिर गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (डब्) पर सोने का 5 जून का कॉन्ट्रैक्ट, पिछले बंद भाव 1,53,434 रुपये के मुकाबले, 749 रुपये या 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,52,419 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। बाद में यह और गिरकर 1,52,419 रुपये के इंट्राडे निचले स्तर पर पहुँच गया। आखध्रिी बार, यह 834 रुपये या 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,52,591 रुपये पर ट्रेड कर रहा था।एमसीएक्स पर, अगस्त 2026 के लिए सोने के वायदा भाव 704 रुपये या 0.45 प्रतिशत गिरकर 1,106 लॉट के कारोबार में 1,55,298 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहे थे।एमसीएक्स पर चांदी की कीमतइसी तरह, 5 मई 2026 को मैच्योर होने वाले चांदी के वायदा भाव भी गिरावट के साथ खुले। इसने पिछले बंद भाव 2,43,704 रुपये के मुकाबले 2,42,515 रुपये पर ट्रेडिंग सत्र की शुरुआत की, जो 1,253 रुपये या 0.51 प्रतिशत की गिरावट थी। बाद में, यह 2,41,381 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गया, जो 2,387 रुपये या 0.97 प्रतिशत की गिरावट थी।अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतअंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्डम् पर सोने की कीमत 0.87 प्रतिशत गिरकर लगभग 4,776.3 न्च प्रति ट्रॉय औंस हो गई। दोपहर 12रू20 बजे स्पॉट गोल्ड की कीमत 4,753.44 न्च प्रति औंस थी, जो 39.52 न्च या 0.82 प्रतिशत कम थी।दिल्ली में सोने की कीमतदिल्ली में 24–कैरेट सोने की कीमत 1,53,150 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। 22–कैरेट सोने के लिए, ग्राहक को 1,40,400 रुपये प्रति 10 ग्राम खर्च करने होंगे।मुंबई में सोने की कीमतमुंबई में 24–कैरेट सोना 1,53,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर उपलब्ध था, जबकि 22–कैरेट सोने की कीमत 1,40,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रही।कोलकाता में सोने की कीमतकोलकाता में आज 24–कैरेट सोने की कीमत 1,53,000 रुपये प्रति 10 ग्राम थी, जबकि 22–कैरेट सोने की दर 1,40,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रही।

चेन्नई में सोने की कीमतचेन्नई में 24–कैरेट सोना 1,54,090 रुपये प्रति 10 ग्राम पर उपलब्ध था। 22–कैरेट सोने के लिए, दर 1,41,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रही।दिल्ली में चांदी की कीमतेंराष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत 2,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम रही।मुंबई में चांदी की कीमत

मुंबई में ग्राहक को आज इस कीमती धातु को खरीदने के लिए 2,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम चुकाने होंगे।

# ग्लोबल इक्विटी मार्केट में जबरदस्त तेजी का घरेलू इक्विटी बेंचमार्क पर भी पाजिटिव

ईरान–अमेरिका सीजफायर की उम्मीदों पर सबकी नजर ग्लोबल इक्विटी मार्केट में जबरदस्त तेजी का घरेलू इक्विटी बेंचमार्क पर भी पॉजिटिव असर पड़ा। बैंकिंग, ऑटो और रियल्टी शेयरों में आई जबरदस्त तेजी ने पूरे ट्रेडिंग सेशन के दौरान बाजार में जोश बनाए रखा। 10 अप्रैल, 2026 को भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स, सकारात्मक वैश्विक संकेतों और पश्चिम एशिया में भू–राजनीतिक तनाव कम करने के प्रयासों को लेकर बनी उम्मीदों के बीच बढ़त के साथ बंद हुए। ठैम् सेंसेक्स 918.60 अंकों की बढ़त के साथ 77,550.25 पर बंद हुआ, जबकि छैम् निफ्टी 275.50 अंकों की बढ़त के साथ 24,050.60 पर स्थिर हुआ। सेक्टोरल आधार पर, ऑटो, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, रियल्टी, पावर, थ्डब्ळ, न्ैब् बैंक, मेटल और



प्राइवेट बैंक सेक्टरों में 1–2 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जबकि ।प् को लेकर नए सिरे से उभरे डर के चलते प्ज् इंडेक्स में 1.7 प्रतिशत की गिरावट आई। निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी 1.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी में सबसे ज़्यादा बढ़त हासिल करने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, आयशर मोटर्स, प्ब्प्ब् बैंक, बजाज ऑटो और श्रीराम फाइनेंस शामिल थे। वहीं, गिरावट दर्ज करने वाले शेयरों में कोल इंडिया, सन फार्मा, इंफोसिस, ज्ब्ै और टेक महिंद्रा शामिल थे। ईरान–अमेरिका सीजफायर की उम्मीदों पर सबकी नजरग्लोबल इक्विटी मार्केट में जबरदस्त तेजी का घरेलू इक्विटी बेंचमार्क पर भी पॉजिटिव असर पड़ा। बैंकिंग, ऑटो और रियल्टी शेयरों में आई जबरदस्त तेजी ने पूरे ट्रेडिंग सेशन के दौरान बाजार में जोश बनाए रखा। हालाँकि, सावधानी बरतना अभी भी सबसे जरूरी बात रहेगी, लेकिन सबकी नजरें ईरान–अमेरिका के बीच सीजफायर की उम्मीदों और वीकेंड पर होने वाली मीटिंग के नतीजों पर टिकी हैं। इक्विरस वेल्थ के एमडी और बिजनेस हेड अंकुर पुंज ने कहा, श्जैसे–जैसे अर्निंग्स सीजन में तेजी आ रही है, निवेशकों का ध्यान उन शेयरों पर रहेगा जिन पर पश्चिम–एशियाई संघर्ष के चलते तेल की कीमतों में आए उछाल का सबसे कम असर पड़ा है।रुपया 17 पैसे गिरा इस बीच, भारतीय रुपया आज अपनी शुरुआती मजबूती को बरकरार नहीं रख पाया और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 17 पैसे गिरकर 92.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

# गिन्नी वेड्स सनी 2 का ट्रेलर जारी, बिंदास लड़की के प्यार में फंसे पहलवान अविनाश तिवारी

अविनाश तिवारी और मेधा शंकर की चर्चित फिल्म गिन्नी वेड्स सनी 2 सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है। इससे पहले निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी करते हुए फैंस को उत्साहित कर दिया है। प्रशांत झा ने फिल्म का निर्देशन किया है, जबकि विनोद बच्चन और उमेश कुमार बंसल ने मिलकर निर्माण किया है। इस फिल्म की पहली किस्त गिन्नी वेड्स सनी 2020 में रिलीज हुई थी, जिसमें यामी गौतम और विक्रांत मैसी मुख्य किरदार में थे।गिन्नी वेड्स सनी 2 का ट्रेलर एक सीधे–साधे पहलवान लड़के और बिंदास लड़की के बीच बेमेल प्यार और शादी के ड्रामे के बीच घूमता है। इसमें पारिवारिक उम्मीदों, करियर, प्यार के बीच संघर्ष और कॉमेडी के साथ–साथ भावनात्मक पलों को दर्शाया गया है। फिल्म के 2 गाने छाप तिलक और ऐ खुदा ने रिलीज होकर पहले ही लोगों का दिल जीत लिया है। ये फिल्म 24 अप्रैल को सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन करने आ रही है।फिल्म में अविनाश तिवारी एक पहलवान के किरदार में नजर आ रहे हैं. ट्रेलर में उनका देसी अंदाज, अखाड़े की जिंदगी और दमदार व्यक्तित्व साफ झलकता है. उनका रफ–टफ लुक और सादगी भरा स्वभाव दर्शकों को आकर्षित करता है. साथ ही उनके किरदार में एक मासूमियत भी देखने को मिलती है, जो कहानी को भावनात्मक बनाती है.वहीं मेधा शंकर पूरी तरह मॉर्डन और कॉन्फिडेंट किरदार में नजर आती हैं. उनका ग्लैमरस लुक, फैशन सेंस और बेबाक अंदाज ट्रेलर को एक नया रंग देता है. उनके किरदार में आज की स्वतंत्र सोच वाली लड़की की झलक दिखाई देती है, जो अपनी शर्तों पर जिंदगी जीना चाहती है.ट्रेलर में दिखाया गया है कि अविनाश और मेधा की दुनिया बिल्कुल अलग है– एक तरफ देसी परंपराएं, तो दूसरी तरफ मॉर्डन सोच. जब ये दोनों एक–दूसरे के करीब आते हैं, तो कहानी में कई मजेदार और दिलचस्प मोड़ आते हैं. यही टकराव फिल्म की सबसे बड़ी खासियत नजर आती है.ट्रेलर से साफ है कि श्गिन्नी वेड्स



सनी 2य सिर्फ एक लव स्टोरी नहीं, बल्कि परिवार, रिश्तों और बदलती सोच की कहानी भी है. फिल्म में हर वर्ग के दर्शकों के लिए कुछ न कुछ खास रखने की कोशिश की गई है.

# सलमान खान की मातृभूमि नहीं होगी आम वझर फिल्म, सामने आई मूवी को लेकर चौंकाने वाली बात

सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म मातृभूमि मे वॉर रेस्ट इन पीस के साथ युद्ध पर एक ताजा और गहराई से इमोशनल नजरिया पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. मातृभूमि के पीछे का विजन हमेशा से हाई–ऑक्टेन वॉर सीक्वेंस के बजाय इमोशनल कहानी पर टिका रहा है. बताया जा रहा है कि शुरुआती मीटिंग्स से ही सलमान इस बात को लेकर बिल्कुल साफ थे कि मातृभूमि कभी भी एक पारंपरिक वॉर फिल्म नहीं बनने वाली थी. उनके लिए, यह एक सैनिक के मानवीय पक्ष को दिखाने के बारे में है, यानी दो जिंदगियां जीने का इमोशनल संघर्ष एक युद्ध के मैदान में और एक घर पर. उनकी यही संवेदनशीलता और सोच की स्पष्टता उन्हें सच में दूसरों से अलग बनाती है. वह सिर्फ एक फिल्म को लीड नहीं कर रहे हैं, बल्कि मकसद के साथ उसकी रूह को आकार दे रहे हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि कहानी दर्शकों के साथ व्यक्तिगत और इमोशनल लेवल पर जुड़ सके.यह नजरिया आम तौर पर बनने वाली युद्ध की कहानियों से काफी अलग है, जहां सैनिकों के आंतरिक संघर्षों और इमोशनल परेशानियों पर जोर दिया गया है. प्यार, त्याग और पहचान जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित करके, फिल्म का लक्ष्य केवल एक्शन और देशभक्ति से आगे बढ़कर दर्शकों के दिल को छूना है. मातृभूमिरू मे वॉर रेस्ट इन पीस का प्रोडक्शन सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले सलमा खान द्वारा किया गया है, और अपूर्व लाखिया इसके डायरेक्टर हैं. यह फिल्म बहादुरी, बलिदान और जुझारूपन का एक बेबाक चित्रण पेश करने का वादा करती है. फिल्म में चित्रांगदा सिंह भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगी. फिल्म पहले 17 अप्रैल को रिलीज होनी थी, लेकिन अभी फिल्म की रिलीज डेट को टाल दिया गया है.



सलमान खान के फैंस को फिल्म की रिलीज डेट का बेसब्री से इंतजार है. फिलहाल मेकर्स की ओर से फिल्म की रिलीज पर कोई अपडेट नहीं आया है. वहीं, सलमान भी अपनी इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं. सलमान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह पिछली बार फिल्म सिकंदर में नजर आए थे, जो फ्लॉप साबित हुई थी.

# पूजा हेगड़े के बाद अब मृणाल के साथ रोमांटिक अंदाज में दिखे वरुण, आज रिलीज होगा फिल्म का फर्स्ट लुक

डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म है जवानी तो इश्क होना है से आज वरुण धवन ने एक और नया लुक शेयर किया है। हाल ही में वरुण ने अपनी इस फिल्म से पूजा हेगड़े के साथ एक रोमांटिक लुक शेयर किया था। वहीं आज वरुण ने मृणाल ठाकुर के साथ रोमांटिक पोज शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है।वरुण धवन ने आज अपनी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है के सेट से मृणाल के साथ तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर के साथ वरुण ने कैप्शन में लिखा, लेकिन जवानी में इश्क बार–बार होता है। वरुण ने ठीक एक दिन पहले इसी फिल्म से पूजा हेगड़े के साथ अपनी एक रोमांटिक तस्वीर शेयर की थी। जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, इश्क सिर्फ एक बार होता है।फिल्म है जवानी तो इश्क होना में साथ काम कर चुकी है। फिल्म है जवानी तो इश्क होना है 12



है के जरिए वरुण अपने पिता डेविड के साथ चौथी बार जुड़ रहे हैं। इससे पहले पिता–पुत्र की जोड़ी फिल्म मैं तेरा हीरो (2014), जुड़वा 2 (2017), और कुली नंबर 1 (2020) जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले इसे 5 जून को रिलीज करने की योजना थी, लेकिन यश अभिनीत टॉक्सिक के साथ क्लैश से बचने के लिए तारीख को आगे खिसका दिया गया।

## छोटे उस्तादों के साथ थिरकीं नीरू बाजवा, जवाक के सेट से शेयर की मस्ती भरी झलक

पंजाबी और बॉलीवुड फिल्मों में काम कर अपनी अलग पहचान बनाने वाली अभिनेत्री नीरू बाजवा जल्द ही फिल्म जवाक में नजर आएंगी। गुरुवार को नीरू ने सॉन्ग जवाक की शूटिंग का मजेदार बीटीएस वीडियो पोस्ट किया। यह वीडियो इसलिए भी खास और मजेदार लग रहा है क्योंकि इसमें नीरू बच्चों के साथ मस्ती कर रही हैं और उनकी एनर्जी को मैच करते हुए डांस कर रही हैं। अभिनेत्री ने वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा, संभलकर...छोटे–छोटे बच्चों में भी बहुत ज्यादा टैलेंट होता है। वाहेगुरु हमेशा आपको खुश और तरक्की में रखे। हमारी फिल्म जवाक जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

शूटिंग के दौरान बच्चों के साथ उनका यह मजेदार वीडियो फैंस को



बहुत पसंद आ रहा है।सॉन्ग जवाक काफी मजेदार है। इसमें नीरू बच्चों के साथ डांस करती दिख रही हैं। गाने को वरी राय ने लिखा है, जबकि संभी ने इसका संगीत तैयार किया है। गाना सी़ी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है और इसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं।फिल्म श्जवाकय का निर्देशन जतिंद्र महुअर जबकि निर्माण संतोष सुभाष कर रहे हैं। फिल्म की स्क्रिप्ट जगदीप वारिंग ने लिखी है। यह फिल्म 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में नीरू बाजवा के साथ गुरी घुमन, निर्मल ऋषि, बी.एन. शर्मा, राणा रणबीर और रविंदर मांड मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म को लेकर मुख्य जानकारी अभी सामने नहीं आई है।नीरू बाजवा पंजाबी सिनेमा की जानी–मानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने कई हिट फिल्मों में काम किया है और दर्शकों का खूब प्यार बटोरा है। अब उनकी नई फिल्म जवाक को लेकर काफी उत्सुकता है। यह फिल्म पंजाबी भाषा में है और इसमें नीरू की मजबूत अभिनय शैली एक बार फिर देखने को मिलेगी।अभिनेत्री हिंदी कॉमेडी–ड्रामा फिल्म सन ऑफ सरदार 2 में नजर आई थीं। इस फिल्म में अजय देवगन मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में अभिनेत्री नीरू ने डिंपल नाम का एक महत्वपूर्ण किरदार निभाया है। विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में मृणाल ठाकुर, रवि किशन और दीपक डोबरियाल भी हैं। यह फिल्म 2012 की सुपरहिट फिल्म का सीक्वल है।

## फिल्म तू या मैं की ओटीटी रिलीज तारीख का ऐलान, आज से नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम

शनाया कपूर और आदर्श गौरव की सर्वाइवल–थ्रिलर फिल्म तू या मैं अपने डिजिटल डेब्यू के लिए तैयार है। ये सिनेमाघरों में 13 फरवरी, 202ेंदलं ।चववत

6 को रिलीज हुई थी और करीब 2 महीने के बाद ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। फिल्म का निर्देशन बिजॉय नांबियार ने किया है, जबकि आनंद एल राय और विनोद भानुशाली निर्माता हैं। बता दें, रोमांचक–ड्रामे से भरपूर तू या मैं बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी और सिर्फ 6.72 करोड़




रुपये कमाए थे।

नेटफ्लिक्स ने फिल्म तू या मैं की रिलीज तारीख का ऐलान करते हुए एक्स पर लिखा, अपने कैलेंडर पर निशान लगा लें। कुछ खास आने वाला है। 10 अप्रैल से यह फिल्म सब्सक्राइबर यूजर्स के लिए फ्री में उपलब्ध हो जाएगी। आंखों की गुस्ताखियां के बाद शनाया के करियर की यह दूसरी फिल्म है, जिसमें उन्होंने एक इन्फ्लुएंसर का किरदार निभाया है।

# पुलकित सम्राट की 'ग्लोरी' का टीजर रिलीज, इस बार रोमांस छोड़ लगाएंगे बाक्सिंग का पंचय दिखेगी दमदार स्टारकास्ट

पुलकित सम्राट और दिव्येंदु शर्मा स्टारर स्पोर्ट्स थ्रिलर श्ग्लोरीय का टीजर आज सामने आया है। रोमांस छोड़कर इस बार पुलकित बॉक्सिंग करते नजर आएंगे। टीजर को देखने के बाद फैंस इस सीरीज के लिए और पुलकित सम्राट को इस अंदाज में देखने के लिए काफी उत्सुक हैं।हरियाणा की ब्रूटल और इमोशनली चार्ज बॉक्सिंग की दुनिया पर आधारित ग्लोरी का टीजर पारंपरिक स्पोर्ट्स ड्रामा से इतर एक जटिल कहानी की ओर इशारा करता है। इसमें बदला, महत्वाकांक्षा और टूटे हुए रिश्ते आपस में टकराते हैं। 1 मिनट 11 सेकंड के इस टीजर में बॉक्सिंग, मर्डर, सस्पेंस, पॉवर और थ्रिलर देखने को मिलता है। टीजर में त्याग, बलिदान और कष्ट की बात की जाती है।

करण अंशुमन और कनिष्क वर्मा द्वारा निर्देशित श्ग्लोरीय में दिव्येंदु शर्मा और पुलकित सम्राट प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा सीरीज में श्धुरंधरय फेम सुविंदर विक्की, आशुतोष राणा, यशपाल शर्मा और सिकंदर खेर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। एटॉमिक फिल्म्स के तहत निर्मित श्ग्लोरीय 1 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी।पुलकित सम्राट और दिव्येंदु शर्मा के लिए श्ग्लोरीय



काफी अहम है, क्योंकि दोनों को अपने करियर में एक बड़ी सफलता की जरूरत है। पुलकित सम्राट के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो आखिरी बार श्राहु केतुय में नजर आए थे। जबकि दिव्येंदु शर्मा आखिरी बार पिछले साल रिलीज हुई 'साली मोहब्बत' में नजर आए थे।

# बाक्स आफिस पर धुरंधर 2 के 21वें दिन लड़खड़ाए कदम, किया सबसे कम कारोबार


रणवीर सिंह की फिल्म ध् ुरंधर 2रू द रिवेंज बॉलीवुड की सबसे बंपर कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। यह फिल्म 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और तब से दर्शकों को अपनी ओर खींचने में कामयाब हो रही है। हालांकि, रिलीज के 21 दिन बॉक्स ऑफिस पर निकालने के बाद कमाई में गिरावट आनी शुरू हो चुकी है। फिल्म ने पहली बार सिंगल डिजिट में कमाई की है। आइए जानते हैं कि कुल कारोबार कहां तक पहुंचा।सैकनिल्क के मुताबिक, धुरंधर 2 ने अपनी रिलीज के 21वें दिन बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 7.90 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। ये फिल्म का अब तक का सबसे कम कलेक्शन है। इससे पहले 20वें दिन इसने 10.10 करोड़ रुपये और 19वें दिन 10 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इस तरह घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल कमाई 1,041.27 करोड़ रुपये हो गई है। एक दिन पहले ही इसने प्रभास अभिनीत फिल्म बाहुबली 2 (1,030.42 करोड़) को पीछे छोड़ा है।धुरंध ार 2 ने वर्ल्डवाइड 1,653.67 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। भारत में इसकी आंधी से बचने के लिए टॉक्सिक, पेड्डी और भूत बंगला जैसी फिल्मों ने अपने कदम पीछे



खींच लिए थे, लेकिन मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष की फिल्म डकैत अब भी डटी है। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। देखना दिलचस्प होगा कि क्या डकैत अपनी बॉक्स ऑफिस कमाई से धुरंधर 2 का सिंहासन हिला सकेगी।

# चाहत खन्ना ने चुनी आत्म-जागरूकता की राह

तेज रफ्तार जिंदगी और बाहरी सफलता की होड़ के बीच, चाहत खन्ना एक ऐसी दिशा में कदम बढ़ा रही हैं, जहाँ असली फोकस भीतर के संतुलन पर है। उनका यह परिवर्तनकारी दौर केवल वेलनेस ट्रेंड्स तक सीमित नहीं, बल्कि एक गहरी आत्म–खोज की यात्रा है, जो शरीर, मन और ऊर्जा के बीच सामंजस्य स्थापित करने पर आधारित है।योग, आयुर्वेद, न्यूमरोलॉजी और ऊर्जा से जुड़े अभ्यासों को अपनाते हुए चाहत खन्ना यह समझने की कोशिश कर रही हैं कि वास्तविक संतुलन कैसा महसूस होता है। उनका मानना है कि हर व्यक्ति की आंतरिक संरचना अलग होती है, इसलिए हीलिंग भी व्यक्तिगत होनी चाहिए, न कि एक जैसी सबके लिए। चाहत खन्ना कहती हैं एक समय ऐसा आता है जब सब कुछ सही करने के बावजूद भी भीतर खालीपन महसूस होता है।इस यात्रा ने मुझे अपनी लय को समझना सिखाया है, जहाँ संतुलन



किसी लक्ष्य की तरह नहीं, बल्कि एक स्वाभाविक अवस्था बन जाता है। उनकी यह सोच आज के बदलते दौर की झलक भी देती है, जहाँ वेलनेस अब सिर्फ फिटनेस नहीं, बल्कि गहरी आत्म–जागरूकता का हिस्सा बन चुका है। चाहत खन्ना की यह यात्रा न सिर्फ व्यक्तिगत बदलाव की कहानी है, बल्कि उन सभी के लिए प्रेरणा है जो खुद से जुड़ने की तलाश में हैं।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।